TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

पटना
वर्ष: 24 अंक 25
सोमवार 19 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 39°C
न्यूनतम 28°C

मूल्य 3 रुपए | पृष्ठ-08 | बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# गुलजार हाउस में लगी आग, 17 की मौत

## हादसे में दो परिवारों के लोग शामिल, मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया दु:ख

**हैदराबाद, 18 मई।** हैदराबाद शहर स्थित चारमीनार इलाके में मिरचौक क्षेत्र के गुलजार हाउस में भीषण आग लग गई। घटना में 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से झुलस गए हैं। मरने वालों में महिला और बच्चे भी शामिल हैं। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है।

दमकल की गाड़ियां इमारत में फंसे कुछ अन्य लोगों को बचाने की कोशिश कर रही हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बेहतर इलाज के लिए पूरे प्रयास करेगी। पुलिस के अनुसार आग चारमिनार इलाके में गुलजार हाउस के पास एक बिल्डिग में रविवार को करीब सुबह 6 बजे लगी ।

घटना में झुलसने घटनास्थल पर ही आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि लोगों के इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया। आग बिल्डिंग की पहली मंजिल पर लगी, जिसने बाद में विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। हालांकि आशंका है कि इमारत में लगे एसी में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी। घटना स्थल पर केंद्र मंत्री किशन रेड्डी, राज्यमंत्री प्रभाकर और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पहुंच गए। मौके पर फायर ब्रिगेड की 11 गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं। फायर ब्रिगेड के मुताबिक काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया है।

**घटना**
- मरने वालों में महिला और बच्चे भी शामिल
- घंटों मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर पाया काबू
- एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बताई जा रही वजह
- इस इमारत में 30 से अधिक लोग रह रहे थे
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर जताया दुख



मृतकों की पहचान अभिषेक मोदी, आरूषी जैन ,शीतल जैन, सुमित्रा जैन, प्रथम मोदी, राजेंद्र कुमार, हषार्ली गुप्ता, मुन्नीबाई, प्रियाणी और इराज के रूप में हुई है। अभी अन्य मृतकों के शवों की पहचान कराई जा रही है। गंभीर रूप से झुलसे लोगों को हैदराबाद के यशोदा हॉस्पिटल, डीआरडीओ हॉस्पिटल और उस्मानिया हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। हादसे के शिकार लोग ज्वेलर्स के जुड़े व्यापारिक प्रतिष्ठान से संबंधित दो परिवारों के लोग हैं। दमकल कर्मियों के मुताबिक अभी भी इस इमारत में चार परिवारों के दर्जनों लोग फंसे हैं। अब तक जिन लोगों को बाहर निकाला गया है, उनमें तीन बच्चों सहित 14 लोग शामिल है। यह सभी बुरी तरह झुलसे हुए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक इस इमारत में 30 से अधिक लोग रह रहे थे, इनमें ज्यादातर किराएदार थे। पुलिस के मुताबिक इमारत में आग के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक रात में बहुत गर्मी थी और मकान में लगे सभी एसी चल रहे थे। इसकी वजह से मकान की वायरिंग गर्म हो गई। इसी दौरान वायरिंग में आग लग गई और इसमें से निकली चिंगारी ने देखते ही देखते भयानक रूप ले लिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक एसी के कंप्रेशर फटने से आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को बाहर भागने का भी मौका नहीं मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर दुख जताया है और मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए अनुग्रह राशि दिये जाने की घोषणा की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हैदराबाद अग्निकांड में कई लोगों की मृत्यु गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। खरगे ने कहा हैदराबाद के चारमीनार इलाके में हुई भीषण आग की त्रासदी से मैं बहुत दुखी हूँ, जिसमें कई अनमोल जानें चली गईं। इस मुश्किल घड़ी में पीड़ितों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएँ।

## सीजेआई को रिसीव करने नहीं पहुंचे चीफ सेक्रेटरी-डीजीपी



- जस्टिस गवई बोले- महाराष्ट्र के बड़े अफसर प्रोटोकॉल नहीं मानते
- बार काउंसिल के कार्यक्रम में गए थे
- कहा- जज जमीनी हकीकत नजरअंदाज नहीं कर सकते
- न्यायपालिका का लोगों से दूरी बनाए रखना असरदार नहीं

**मुंबई, 18 मई।** चीफ जस्टिस बीआर गवई रविवार को मुंबई पहुंचे। उन्हें रिसीव करने चीफ सेक्रेटरी, डीजीपी और मुंबई के पुलिस कमिश्नर नहीं पहुंचे। इस पर उन्होंने बार काउंसिल के कार्यक्रम में निराशा जताई। सीजेआई गवई ने कहा, 'मैं इस बात से निराश हूं कि महाराष्ट्र के बड़े अफसर प्रोटोकॉल का पालन नहीं करते। न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका ये तीनों लोकतंत्र के पिलर हैं। इन सभी को एक-दूसरे को सम्मान करना चाहिए।

सीजेआई ने कहा, अगर भारत के चीफ जस्टिस पहली बार महाराष्ट्र आ रहे हैं तो ये उम्मीद की जाती है कि यहां के चीफ सेक्रेटरी, डीजीपी और मुंबई के पुलिस कमिश्नर को मौजूद रहना चाहिए। ऐसा न करना सोचने पर मजबूर करता है। मुंबई में महाराष्ट्र-गोवा बार काउंसिल ने सीजेआई का सम्मान समारोह रखा था।

सीजेआई गवई ने मराठी में सभा को संबोधित करते हुए उन्हें मिले प्यार और स्नेह के लिए गहरा आभार व्यक्त किया। इसके पहले वे मुंबई में चैत्यभूमि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर स्मारक भी गए।

## संक्षिप्त समाचार

### गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**गोंडा, 18 मई (तरुणमित्र)।** यूपी के परसपुर के डेहरास अहेट गांव में रविवार को नहर किनारे गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। एक साथ गांव के तीन बच्चों की मौत से गांव में कोहराम मचा हुआ है। बताया जाता है कि गांव के बगल से होकर सरयू नहर गुजरती है। इसके बगल ही गड्ढा था जिसमें पानी भरा हुआ था।

रविवार की दोपहर गर्मी अधिक होने के कारण गांव के जिलेदार का नौ वर्ष का बेटा निगम उर्फ राजाबाबू, दयाशंकर का दस वर्षीय पुत्र राजन, रामनरेश का दस वर्षीय पुत्र राजा इसमें नहाने लगे। गड्ढे की गहराई अधिक होने के कारण देखते ही देखते तीनों उसमें डूब गए। जब तक गांव के लोग पहुंचकर बच्चों को बाहर निकालते तब तक तीनों ने दम तोड़ दिया।

### जेसीबी की चपेट में आकर बच्ची की मौत

**मीरजापुर, 18 मई।** यूपी के विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के अष्टभुजा चौकी अंतर्गत अरंगी-सरपती गांव में रविवार सुबह जेसीबी की चपेट में आने से दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। गांव निवासी रिंकू सोनकर की बेटी परी दरवाजे पर खिलौनों से खेल रही थी, तभी महुआरी की ओर से आ रही तेज रफ्तार जेसीबी उसे रौंदते हुए निकल गई। बच्ची को तत्काल मंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी को घेर लिया, लेकिन बस्ती का ही एक मनबढ़ युवक चालक को बाइक पर बैठाकर मौके से फरार हो गया।

### रक्षा राज्य मंत्री लंगकावी प्रदर्शनी में भाग लेने जाएंगे मलेशिया

**नई दिल्ली, 18 मई।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ 20 से 24 मई तक मलेशिया के लंगकावी में आयोजित होने वाली लंगकावी अंतर्राष्ट्रीय समुद्री और अंतरिक्ष प्रदर्शनी (एलआईएमए 2025) के 17वें संस्करण में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। एलआईएमए 2025 में एक भारतीय मंडप स्थापित किया गया है, रक्षा राज्य मंत्री इसका उद्घाटन करेंगे। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, भारत डायनामिक्स लिमिटेड, बीईएमएल, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड व ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड सहित कई डीपीएसयू तथा अन्य निजी रक्षा कंपनियां इस प्रदर्शनी में भाग लेंगी और भारतीय रक्षा उद्योग जगत की सामर्थ्य का प्रदर्शन करेंगी।

### इसरो का ईओएस-09 उपग्रह प्रक्षेपण विफल, जांच के आदेश

**श्रीहरिकोटा, 18 मई।** अंतरिक्ष एजेंसी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को रविवार को एक झटका लगा है। इसरो का सबसे भरोसेमंद ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान पीएसएलवी-सी61 का मिशन तीसरे चरण में फेल हो गया। इससे इस महत्वाकांक्षी मिशन के तहत ईओएस-09 पृथ्वी अवलोकन उपग्रह निर्धारित कक्षा में पहुंचने में कामयाब नहीं हुआ। इसरो ने इसकी जांच के आदेश दे दिए हैं। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से रविवार सुबह 5:59 बजे इसरो ने 101वां प्रक्षेपण पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल ( पीएसएलवी)-सी61 के जरिए ईओएस-09 पृथ्वी अवलोकन उपग्रह भेजा था, लेकिन प्रक्षेपण के कुछ ही मिनटों के बाद तीसरे चरण में रॉकेट अपने मार्ग से भटक गया।

## प्रधानमंत्री 30 मई को नबीनगर में बनने वाले पावर प्लांट का करेंगे शिलान्यास : सम्राट चौधरी

### एनटीपीसी के दूसरे सबसे बड़े विद्युत संयंत्र से बिहार को मिलेगी 1500 मेगावाट ऊर्जा

**पटना, 18 मई।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी औरंगाबाद जिले के नबीनगर में 29947.91 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सुपर थर्मल पावर प्लांट का शिलान्यास 30 मई को करेंगे।

इससे बिहार को 1500 मेगावाट बिजली मिलेगी। यह एनटीपीसी का देश में दूसरा सबसे बड़ा विद्युत उत्पादन संयंत्र होगा।

सम्राट चौधरी ने बिहार की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को देखते हुए नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन (एनएसटीपीएस) के क्षमता विस्तार स्टेज-2 को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होने कहा कि स्टेज-2 के तहत यहां पर 800-800 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाली तीन नयी इकाइयां स्थापित की जायेंगी,जिससे कुल 2400 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।

## भारत निर्वाचन आयुक्त ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षात्मक बैठक

**पश्चिम चम्पारण (बगहा), 18 मई।** भारत निर्वाचन आयुक्त आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर दो दिवसीय दौरे पर शनिवार की शाम वाल्मीकिनगर पहुंचे। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों की समीक्षा के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त डॉक्टर विवेक जोशी तथा बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल रविवार को वाल्मीकिनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर के वाल्मीकि सभागार में जिलाधिकारी, जिला प्रशासन, एसएसबी तथा पुलिस प्रशासन के साथ आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक की।

बैठक में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन,मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप गतिविधियां की समीक्षा, विधि व्यवस्था,दिव्यांग एवं वृद्ध मतदान कर्मियों के



प्रबंधन, तथा पश्चिम चंपारण तथा पूर्वी चंपारण की सीमा पर भारत तथा नेपाल के सीमा पर सुरक्षा के लिए तैनात सभी एस एस बी बटालियन के अधिकारियों के साथ सुरक्षा से संबंधित कई अहम बिंदुओं पर चर्चा किया।

बैठक के उपरांत मुख्य निर्वाचन आयुक्त के द्वारा वाल्मीकिनगर स्थित नदी घाटी योजना उच्च विद्यालय तथा राजकीय मध्य विद्यालय में स्थित बूथ संख्या 14,15,16 तथा 17 का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान सभी बूथ के प्रधान शिक्षक मनोज कुमार,बी एल ओ से बूथ पर मतदाताओं की संख्या, वोट प्रतिशत के अलावा बूथ पर मूलभुत सुविधाओं आदि की जानकारी ली। साथ ही बी एल ओ सहित अन्य अधिकारियों से वोट प्रतिशत के वृद्धि के लिए दिशा निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय, डी डी सी सुमित कुमार, ए डी एम राजीव कुमार सिंह, एस डी एम गौरव कुमार,एस पी सुशांत कुमार सरोज, डी एस पी कुमार देवेंद्र, वाल्मीकि नगर थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह,बी डी ओ बगहा दो के बिड्डू कुमार, बी डी ओ बगहा एक प्रदीप कुमार, एस एस बी बेतिया के डी आई जी एस सुब्रह्मण्यम, एस एस बी 21 वी बटालियन बगहा के कमांडेंट तपेश्वर राउत, एस एस बी 44 वी बटालियन नरकटियागंज के कमाडेंट बलदेव सिंह नेगी, एस एस बी 65 वी बटालियन बेतिया के कमाडेंट नंदन सिंह मेहरा, एस एस बी 47 वी बटालियन रक्सौल के कमांडेंट संजय पांडे, बेतिया के वन प्रमंडल पदाधिकारी अतीश कुमार, वन प्रमंडल दो के वन प्रमंडल पदाधिकारी पीयूष वर्णवाल उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार के अशोक प्रियदर्शी के अलावा जिला तथा प्रखंड के कई अधिकारी उपस्थित रहें।

## बसपा ने आकाश को बनाया मुख्य नेशनल कोऑर्डिनेटर

### ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्रवाई को बसपा प्रमुख ने सराहा

**दिल्ली, 18 मई।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी का मुख्य नेशनल कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। उन्होंने यह निर्णय दिल्ली स्थित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय 29 लोधी स्टेट में पदाधिकारियों की सहमति के बाद लिया है।

साथ ही उम्मीद जताई है कि इस बार आकाश पार्टी व मूवमेंट के हित में हर तरह की एहतियात बरतते हुए पार्टी को मजबूत बनाने में योगदान देंगे। बसपा प्रमुख मायावती ने 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी घटना के बाद पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य कार्रवाई के लिए भारतीय सेना की सराहना की है। उन्होंने कहा कि जनता व देश के हित को प्रभावित होने से बचाने के लिए सरकार का अपराध नियंत्रण जैसे आतंकवाद विरोधी उपाय भी जरूरी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान अक्सर परमाणु धमकी देता रहता है। उसकी ब्लैकमेलिंग को नहीं सहने संबंधी भारत सरकार की चेतावनी उचित है। उन्होंने आगे कहा कि कश्मीर मुद्दे पर अमेरिका या किसी अन्य तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को स्वीकार न करने की राष्ट्रीय सहमति का कड़ाई से पालन किया जाना आवश्यक है। क्योंकि इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर देश अपने अलावा किसी और पर भरोसा न करे तो बेहतर होगा। सीमा पार से बार-बार हो रही घातक आतंकवादी घटनाओं को रोकने के लिए केन्द्र सरकार कोहर संभव ठोस और प्रभावी उपाय करना चाहिए।

## जवानों के त्याग व बलिदान पर देश को गर्व : नड्डा

**देहरादून, 18 मई।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने रविवार को उत्तराखंड के सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में सेना, आईटीबीपी, एसएसबी के जवानों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीमा की रक्षा में तैनात हथियार, उपकरण और अन्य रक्षा संसाधनों की भी जानकारी ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के लिए जवानों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश वीर जवानों के त्याग और बलिदान का सम्मान करता है और उनकी कर्तव्यनिष्ठा पर गर्व करता है। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा उत्तराखंड के सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के भ्रमण पर हैं। वे आज पूर्वाह्न 11:45 बजे गुंजी हेलीपैड पर पहुंचे। इसके बाद स्थानीय लोगों ने रंग संस्कृति की पगड़ी पहनाकर पारंपरिक रीति-रिवाज से उनका स्वागत किया। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री ने सेना, आईटीबीपी व एसएसबी के जवानों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीमा क्षेत्र की सुरक्षा के लिए तैनात हथियारों व उपकरणों की जानकारी भी ली। उन्होंने जवानों को सरकार की ओर से हर संभव सहायता और समर्थन का आश्वासन दिया।



पटना : ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर इंडिया पॉजिटिव द्वारा आयोजित सशस्त्र बलों के सम्मान में तिरंगा यात्रा'

## लश्कर का टॉप कमांडर सैफुल्लाह पाकिस्तान में ढेर

**नई दिल्ली, 18 मई (तरुणमित्र)।** आतंकियों को पालने वाले पाकिस्तान में ही एक के बाद एक आतंकियों की हत्या की जा रही है। अब रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा के एक और टॉप कमांडर की पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी है। दावा किया जा रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा और जमात नेता रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह को पाकिस्तान के सिंध प्रांत में मतली फालकारा चौक इलाके में मार दिया गया है। कहा जा रहा है कि यहां अज्ञात हमलावरों ने दिन दहाड़े लश्कर के कमांडर को गोलियों से छलनी कर दिया। रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह भारत में कई हाई-प्रोफाइल आतंकी हमलों का मास्टरमाइंड बताया जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सैफुल्लाह बीते कई सालों से नेपाल में फर्जी नाम से रहकर लश्कर के कामों को ऑपरेट कर रहा था। उसने नेपाल में विनोद कुमार नाम रखकर नगमा बानू नाम की महिला से शादी भी की। सैफुल्लाह को 2006 में नागपुर में आरएसएस मुख्यालय पर हुए हमले का मुख्य आरोपी बताया जाता है।

### आतंकी कैम्पों और भारत से अदावत में भूखे मर रहे पाकिस्तानी

## भुखमरी और आंतरिक संघर्ष का मारा है पाकिस्तान

हरिमोहन विश्वकर्मा

**नई दिल्ली, 18 मई।** आपरेशन सिन्दूर में पूरी तरह पस्त हो चुके पाकिस्तान में इस नये संकट से स्थिति बेहद खराब होने की सम्भावना है। हालांकि भारत के साथ संघर्ष के दौरान उसने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से 20000 करोड़ डालर का कर्ज हासिल करने में सफलता मिल गई है लेकिन इस कर्ज राशि में भी फिलहाल उसे 8500 करोड़ डालर नकद मिले हैं जबकि शेष राशि अगले 28 सालों में मिलनी है।

बहरहाल, आपरेशन सिन्दूर में अपने एयरबेस और मिलेटरी ठिकाने भारतीय सेना के हाथों बर्बाद करा चुका पाकिस्तान फिलहाल दो तरह के आंतरिक संकटों से जूझ रहा है। एक तो बलोचिस्तान की स्वतंत्रता की लड़ाई, जिसने पाकिस्तानी आर्मी की नाक में दम कर रखा है और दूसरे देश में भुखमरी की स्थिति। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन की हालिया जारी एक रिपोर्ट की मानें तो पाकिस्तान में 2024 में भूख और कुपोषण की स्थिति और खराब हुई जो बेहद चिंताजनक है।

**कंगाल पाक**
- बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे गंभीर कुपोषण का शिकार
- बलोचिस्तान की आजादी के संघर्ष ने किया सेना की नाक में दम
- न सम्भला तो स्वयं अपनी परिस्थितियों का शिकार बन जाएगा मुल्क

रिपोर्ट के अनुसार नवंबर 2024 से मार्च 2025 तक पाकिस्तान के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 1.1 करोड़ लोग तीव्र खाद्य असुरक्षा की चपेट में थे। यह आंकड़ा देश की कुल विश्लेषित जनसंख्या का 22 प्रतिशत है।

यह संकट विशेष रूप से बलूचिस्तान, सिंध और खैबर पख्तूनख्वा के 68 बाढ़ प्रभावित जिलों में व्याप्त है, जहां जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इन लोगों में से भी 17 लाख लोग 'आपातकालीन' स्थिति में हैं। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में मार्च 2023 से जनवरी 2024 के बीच लगभग 21 लाख बच्चे तीव्र कुपोषण का शिकार हुए।

## बिहार के नवादा में सड़क हादसा, तीन की मौत, दो घायल

**नवादा, 18 मई।** बिहार में नवादा जिले के नगर थाने के ककोनिया पर रविवार को एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। दो गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से पावापुरी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया । नवादा जिले के नरहट थाना के छोटी पाली निवासी पूर्व उप मुखिया पंकज चंद्रवंशी,नथ्थू चंद्रवंशी और कारू चंद्रवंशी की बारात से वापसी के क्रम में सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी है। भाई दुर्गा चंद्रवंशी और जयनंदन चन्द्रवंशी गंभीर रूप से घायल हैं।

जिनका पावापुरी अस्पताल में इलाज केलिए भेज गया। वे लोग जिले के रुपौ थाना अंतर्गत धनवां गांव से बारात से वापस हो रहे थे ।

नवादा जमुई पथ पर कादिरगंज के कोनिया मोड़ के समीप उनकी गाड़ी को किसी ट्रक ने सीधी टक्कर मार दिया। जिस कारण गाड़ी चकनाचूर होकर सड़क के किनारे लुढ़क गई। घायल के परिजनों ने जिला प्रशासन से इलाज में हर समय मदद का आग्रह किया है करने वाले गरीब परिवार के लोग बताई जा रहे हैं।

# जीविका को सहकारी बैंक के रूप में स्थापित करने हेतु मुख्यमंत्री का आभार



**कटिहार, 18 मई (तरुणमित्र)।** जीविका को सहकारी बैंक के रूप में स्थापित करने की दिशा में बिहार सरकार के निर्णय की सराहना करते हुए जीविका दीदियों ने माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति अपना आभार प्रकट किया है। महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान आज महिलाओं ने कहा कि जीविका को भी एक बैंक के रूप में देखने का महिलाओं का सपना अब पूरा होने वाला है।

सरकार के निर्णय से महिलाएं काफी खुश हैं। कटिहार जिला के अलग-अलग प्रखंडों के 36 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार ग्रामीण इलाकों की समस्या का संकलन कर रही है। जिसे जिला स्तर और राज्य स्तर से सही किया जाएगा। सरकार द्वारा आयोजित इस महिला संवाद कार्यक्रम में महिला के साथ पुरुष भी बढ़ चढ कर हिस्सा ले रही हैं।

आज के महिला संवाद कार्यक्रम में 8128 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं को अपने परिवार एवं गांव की समस्याओं और आकांक्षाओं को चिन्हित कर एवं उसका प्राथमिकता निर्धारित कर विकास की कार्य योजनाओं के सूत्रीकरण का एक बेहतरीन मंच प्रदान कर रहा है।

महिलाओं के द्वारा क्षेत्र में रोजी रोजगार से सम्बंधित, सुविधाओं की मांग तथा क्षेत्रीय स्तर पर स्वरोजगार के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए महिला हाट या जीविका हाट की मांग की। स्वास्थ्य सुविधा सम्बन्धी मांग में महिलाओं द्वारा पर्याप्त संख्या में डॉक्टर एवं नर्स की नियुक्ति आदि की मांग की जा रही है, जगह जगह पर उच्च विद्यालय खोलने का सुझाव आदि प्राप्त हो रहे हैं, महिलाओं को जीविका भवन, बैंक ऋण के ब्याज दर में कमी की मांग की जा रही है। कार्यक्रम में सरकार की योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं के द्वारा सफलता की कहानियां भी साझा की जा रही है। इस दैरान महिलाओं के बीच लीफलेट और मुख्यमंत्री का सन्देश पत्र बांटा जा रहा है।

महिला संवाद कार्यक्रम न सिर्फ महिलाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम बन रहा है, बल्कि यह महिलाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाला सशक्त मंच भी साबित हो रहा है। इस कार्यक्रम में यह बात देखने को मिल रही है की जब महिलाओं तक योजना से सम्बंधित सही जानकारी पहुँच रही है, तो वह अपने सवालों का भी पिटारा खोल रही हैं।

# मुजफ्फरपुर जिले के मुशहरी अंचल कार्यालय में दलालों पर रोकथाम के लिए विभागीय मंत्री ने दिये जांच के आदेश

**पटना, 18 मई (तरूणमित्र)।** राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने मुजफ्फरपुर के मुशहरी अंचल कार्यालय के कार्यों में दलालों के दखल की जानकारी आम लोगों से मिलने पर पूरे मामले की जांच का निर्देश विभागीय अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह को दिया है।

मंत्री संजय सरावगी के निर्देश के बाद अपर मुख्य सचिव सिंह ने पूरे मामले की जांच रिपोर्ट एक पखवाड़े के भीतर मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी से मांगी है। मंत्री सरावगी शनिवार को राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने मुजफ्फरपुर पहुंचे थे। इस दौरान आमलोगों समेत कई पार्टी कार्यकताओं से मुशहरी अंचल कार्यालय की कार्यप्रणाली और वहां दलालों के दखल की शिकायत मिली। इसके बाद मंत्री सरावगी ने पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एसीएस सिंह से बात कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

शहर के मिठनपुरा थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम को जमीन कारोबारी जावेद और उसके सहयोगी राजू साह की हत्या के बाद उनकी स्कूटी से भारी मात्रा में दाखिल-खारिज समेत राजस्व से संबंधित विभिन्न कागजात की बरामदगी हुई थी। जावेद के निजी कार्यालय से कई हल्का कर्मचारियों के सरकारी डोंगल समेत रजिस्टर टू का मूल दस्तावेज भी बरामद होने की बात सामने आई है। इसके बाद पुलिस अंचल कार्यालय के तीन कर्मचारियों समेत दर्जनभर लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर चुकी है। प्रारंभिक जांच में ये भी पता चला है कि दोनों स्थानीय हल्का कार्यालय से ही निकलकर चाय पीने जिला स्कूल के गेट पर पहुंचे थे।

इसी दौरान चाय दुकान पर मौजूद कुछ लोगों से उनका विवाद के पश्चात हाथापाई भी हुई थी। इसी के कुछ देर बाद बाइक सवार अपराधी पहुंचे और दोनों पर अंधाधुंध गोली चला दी थी। इस घटना में दोनों की मौत हो गई थी। पुलिस जांच में ये बात सामने आई है कि जावेद का कई वर्षों से मुशहरी अंचल कार्यालय पर दबदबा था। वह लोगों से काम कराने के एवज में मोटी रकम वसूलता था। इसकी शिकायत निगरानी विभाग में भी की गई थी।

# एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत श्रमदान एवं हस्ताक्षर अभियान आयोजित

**सोनभद्र, 18 मई (तरुणमित्र)।** स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान हर दिन नई गति पकड़ रहा है और इस मुहिम में एनटीपीसी विन्ध्याचल अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहां चलाए जा रहे प्रभावशाली अभियानों ने न केवल समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित किया, बल्कि नागरिक जिम्मेदारी को भी मजबूती से स्थापित किया है। इसी क्रम मे एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अवसर पर श्रमदान एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस पहल का नेतृत्व ई.सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विन्ध्याचल) ने किया। इस अवसर पर संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), डी.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन), ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस व एडीएम) और राकेश अरोड़ा, प्रमुख मानव संसाधन (विन्ध्याचल) उपस्थित रहे।

साथ ही ज्ञान सिंह भाटी और भास्कर चैधरी (सहायक कमांडेंट्स, सीआईएसएफ) एवं उनकी टीम की सक्रिय भागीदारी ने इस सामूहिक संकल्प को और भी मजबूती प्रदान की। एकजुटता और उद्देश्य की भावना के साथ, कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, सीआईएसएफ कर्मियों, यूनियन और एसोसिएशन प्रतिनिधियों ने अनुबंधित हाउसकीपिंग स्टाफ के साथ मिलकर विंध्य चिकित्सालय परिसर की सफाई में श्रमदान किया। यह श्रमदान स्वच्छता के प्रति न केवल प्रत्यक्ष प्रतिबद्धता दशार्ता है, बल्कि उन कर्मचारियों के प्रति सम्मान भी व्यक्त करता है जो प्रतिदिन पर्दे के पीछे मेहनत करते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधन टीम ने उनके समर्पण और सेवा की सराहना करते हुए उन्हें हाइजीन किट भेंट कर सम्मानित भी किया, जो परियोजना की समावेशिता और आभार की संस्कृति को दशार्ता है। इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत जिम्मेदारी के संदेश को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए एक सिग्नेचर अभियान भी आयोजित किया गया।

इसमें प्रतिभागियों ने एक स्वच्छ और हरित भारत के लिए अपनी प्रतिबद्धता को हस्ताक्षर कर व्यक्त किया, जो सामाजिक बदलाव में व्यक्तिगत योगदान की शक्ति का प्रतीक है। इन प्रभावशाली प्रयासों के माध्यम से एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना स्वच्छता, समावेशिता और स्थिरता के मूल्यों को लगातार बढ़ावा दे रहा है और सामुदायिक भागीदारी से पर्यावरणीय कार्रवाई का आदर्श स्थापित कर रहा है। एनटीपीसी विन्ध्याचल को टस्कर अवाड्र्स 2025 में प्रतिष्ठित दो स्वर्ण पुरस्कार से किया गया सम्मानित एनटीपीसी विन्ध्याचल ने एकबार फिर अपनी उत्कृष्टता और सामाजिक दायित्व का परिचय देते हुए टस्कर अवाड्र्स 2025 में दो प्रतिष्ठित स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त किए हैं। यह गौरवमयी सम्मान 17 मई,2025 को तिरुवनंतपुरम में आयोजित समारोह में प्रदान किए गए।

एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना कोह्य सीएसआर उत्कृष्टता औरह्य राजभाषा समावेशिताह्ल की श्रेणियों में यह सम्मान प्राप्त हुआ। एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से यह पुरस्कार अजय कुमार मीणा, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) ने ग्रहण किए। सीएसआर उत्कृष्टता पुरस्कार एनटीपीसी विन्ध्याचल की उस प्रतिबद्धता को मान्यता देता है, जिसके अंतर्गत उसने स्थानीय समुदायों के समग्र विकास के लिए बहु आयामी पहलों को क्रियान्वित किया है। साथ ही बुनियादी ढांचा विकास, कौशल प्रशिक्षण, आर्थिक सशक्तिकरण तथाह्य बालिका सशक्तिकरण अभियानह्ल के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण में अहम योगदान दिया है। तथा राजभाषा समावेशिता पुरस्कार हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु किए गए प्रयासों का प्रमाण है। एनटीपीसी विन्ध्याचल ने न केवल अपने कर्मचारियों, बल्कि उनके परिवारों, संविदा कर्मियों और स्कूलों तक राजभाषा के प्रति जागरूकता और सहभागिता का वातावरण निर्मित किया है।

# आध्यात्मिक शिविर का भव्य शुभारंभ

**सोनभद्र, 18 मई (तरुणमित्र)।** ओबरा सेक्टर नम्बर 10 बाल विद्या निकेतन में 3 दिवसीय भारत सरकार के फिट इंडिया मुहिम के अंतर्गत योग एवं आध्यात्मिक शिविर का भव्य आयोजन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अधिकारी मधुसूदन जयसवाल, मंच के संरक्षक अशोक यादव एवं प्रशांत सिंह दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान एवं सोनांचल सेवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में योग और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाकर ह्यस्वास्थ्य क्रांति लाने का संकल्प लिया है।

धनवंतरी पतंजलि योग संस्थान के संस्थापक योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक जी ने बताया की योग और आयुर्वेद चिकित्सा से विभिन्न रोगों जैसे शुगर, कमर दर्द, साइटिका, सिर दर्द, मोटापा, खून की कमी, अर्थराइटिस, और ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर बीमारियों को खत्म किया जा सकता है। मंच के सरंक्षक अशोक यादव एवं प्राध्यापक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान एवं सोनांचल सेवा मंच ने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देकर अत्यंत मजबूर व्यक्तियों को योग शिविर एवं अन्य चिकित्सा पद्धति के शिविर आयोजित कर लाभ पहुंचाने के लिए मंच के माध्यम से नियमित कार्य किये जा रहे है। धनवंतरी पतंजलि योग पीठ के सदस्य प्रशांत सिंह एवं विकाश अग्रहरि ने कहा कि यह संस्थान योग और आयुर्वेद के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

संस्थान एवं मंच द्वारा विभिन्न प्रकार के योग शिविर और आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिनमें लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और उपचार प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम मे मुख्य से जय कुमार सिंह, विनोद श्रीवास्तव, लक्ष्मी नारायण तिवारी, अखिलेश्वर प्रसाद, उपेंद्र यादव, शीतल देवी, रीता शर्मा, मालती, पार्वती।

## संक्षिप्त समाचार

### कोलासी बाजार में सघन वाहन चेकिंग अभियान, 9 बाइकों का काटा गया चालान

**कोलासी, कटिहार, 18 मई (तरुणमित्र)।** कोलासी बाजार में कल सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें मोटरसाइकिल चालकों की गहनता से जांच की गई। इस दौरान विभिन्न मोटर वाहन अधिनियमों के उल्लंघन के मामले में कुल 9 बाइक चालकों से 9000 रुपये का चालान वसूला गया। कोलासी पुलिस शिविर प्रभारी मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित कराने तथा सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से की गई। चेकिंग के दौरान जिन मुख्य नियमों के उल्लंघन पर चालान काटे गए उनमें बिना हेलमेट वाहन चलाना, गाड़ी के कागजातों की कमी और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी शामिल है। प्रभारी मुकेश कुमार ने आमजन से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, क्योंकि यह न केवल उनके स्वयं की सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि समाज में एक जिम्मेदार नागरिक की पहचान भी है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि आगे भी इस तरह की चेकिंग जारी रहेगी, और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### हरिहरपुर गांव में भीषण गर्मी से राहत के लिए मस्जिद के सामने वृक्षारोपण, नमाजियों और राहगीरों को मिलेगा छांव

कोलासी, कटिहार। कोढ़ा प्रखंड के दिघरी पंचायत स्थित हरिहरपुर गांव में भीषण गर्मी के बीच नमाज अदा करने आने वाले नमाजियों को तपती धूप और लू का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए वार्ड सदस्य मोहम्मद रफीक और स्थानीय पत्रकार ने एक सराहनीय पहल करते हुए मस्जिद के सामने वृक्षारोपण अभियान चलाया। इस दौरान मस्जिद परिसर के आसपास कई छायादार पौधे लगाए गए, ताकि आने वाले समय में यह पेड़ न केवल नमाज पढ़ने वालों को राहत दें, बल्कि राहगीरों के लिए भी एक शीतल और शांत स्थान बन सकें। स्थानीय ग्रामीणों ने इस कार्य की जमकर सराहना की और इसे एक प्रेरणादायक कदम बताया। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहल केवल धार्मिक दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि सामाजिक हित में भी की गई है, क्योंकि यह पेड़ गर्मी के दिनों में पर्यावरण को भी संतुलित रखेंगे और लोगों को गर्मी से कुछ राहत प्रदान करेंगे। साथ ही उन्होंने अन्य लोगों से भी अपने-अपने क्षेत्रों में इस तरह की पहल करने की अपील की। मोहम्मद रफीक एवं समाजसेवी मोहम्मद फरीद ने कहा कि यह कार्य सेवा भाव से किया गया है और भविष्य में भी गांव की भलाई के लिए ऐसे कदम उठाए जाते रहेंगे।

### सुखमय जीवन के लिए हार्टफुलनेस ध्यान जरुरी-गोपाल

**सोनभद्र, 18 मई (तरुणमित्र)।** रॉबर्ट्सगंज स्थित लायंस क्लब भवन में हार्टफुलनेस ध्यान का तीन दिवसीय कार्यक्रम शनिवार की देर शाम सम्पन्न हुआ। जिसमें एडवांस योगा ट्रेनर्स अनीता गुप्ता सहित 20 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। हार्टफुलनेस प्रशिक्षक गोपाल ने कहा कि हमारा दिल ही है जो हमारा सही मार्गदर्शन कर सकता है और हार्टफुलनेस का मतलब दिल की आवाज का अनुसरण करना। हम अपने दिमाग की सुनते हैं मगर दिल की आवाज नहीं सुनते हैं। हमारा दिल उस वक्त आवाज देता है जब हमसे कुछ गलत होने वाला होता है। हार्टफुलनेस ध्यान का अभ्यास करते रहने से हम अपने दिल की सुनना सीख जाते हैं तब हम संतुलित, आनंदमय एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने लगते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सभी कार्यों के समाप्ति के पश्चात शाम को हार्टफुलनेस सफाई ध्यान करने से हर समय तारोताजा रहते हैं। रात्रि में सोने से ठीक पूर्व हार्टफुलनेस प्रार्थना के माध्यम से हम अपने आंतरिक स्वर से जुड़ जाते हैं। हार्टफुलनेस ध्यान की पद्धति करीब 80 वर्ष पुरानी है जिसे फतेहगढ़ उत्तर प्रदेश के रामचंद्र जी महाराज द्वारा पुनः खोज कर इस संसार को प्रदान की गई, जिन्होंने प्राणाहुति के माध्यम से ध्यान को सहज बना दिया। इसलिए हार्टफुलनेस को सहज मार्ग भी कहा जाता है। अंत मे प्रतिभागियों द्वारा हार्टफुलनेस ट्रेनर को भेट स्वरूप एक पौधा प्रदान किया गया।

### राजीव रंजन जिलाध्यक्ष व मुकेश कुमार जिलामंत्री चुने गये

**सोनभद, 18 मई (तरुणमित्र)।** यूपी बैंक इम्प्लाईज यूनियन ईकाई का चुनाव राबर्ट्सगंज स्थित सूर्या इंटरनेशनल होटल में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी यूपीबीईयू के सहायक मंत्री संजय शर्मा की देखरेख में चुनाव कराया गया। चुनाव में अध्यक्ष राजीव रंजन, उपाध्यक्ष राहुल, जिलामंत्री मुकेश कुमार, संयुक्त मंत्री राजेश, कोषाध्यक्ष अविनाश कुमार, संगठन मंत्री सुजीत कुमार, उप मंत्री आशुतोष कुमार सिंह व दीपेश त्रिपाठी, सह कोषाध्यक्ष अजय कुमार, अंकेक्षक अमर नाथ, संयोजिका परिषद लालिमा मंडल सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किए गए। चुनाव अधिकारी संजय शर्मा ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि वे यूनियन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए काम करेंगे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि उनकी प्राथमिकता बैंक कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं का समाधान करना होगा। वे यूनियन को मजबूत बनाने और कर्मचारियों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने के लिए काम करेंगे। इस दौरान नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने एकजुट होकर बैंक कर्मचारियों के हित में काम करने का संकल्प लिया।

### सेवानिवृत कर्मचारी एसोसिएशन ने श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

**सोनभद्र, 18 मई (तरुणमित्र)।** रॉबर्ट्सगंज सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा सोनभद्र की ओर से रविवार को आर्य समाज मंदिर रॉबर्ट्सगंज के परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन जनपद अध्यक्ष सूरज बली सिंह की अध्यक्षता में संपन्न की गई। जिसमें विभिन्न विभागों से सेवानिवृत कर्मचारियों के साथ राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जनपद अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी व जनपद सचिव सलाउद्दीन ने भी भागीदारी किया स नागेश्वर तिवारी, डॉव विक्रम प्रसाद सिंह, रामराज राम, शिव गणेश, मोती सिंह, अशोक फौजी आदि ने बिचार ब्यक्त किया स्वर्गीय बी एन सिंह के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए चित्र पर माल्यार्पण कर सभा का समापन किया गया।

# जनपद में धड़ल्ले से संचालित हो रहे अवैध अस्पताल व पैथोलॉजी क्लिनिक स्वास्थ्य विभाग बना अनजान

**सोनभद्र, 18 मई (तरुणमित्र)।** जनपद सोनभद्र में धड़ल्ले से संचालित हो रहे अवैध अस्पताल पैथोलॉजी व क्लिनिक स्वास्थ्य विभाग को पूरी जानकारी होते हुए भी स्वास्थ्य विभाग अनजान बना हुआ है जब कभी बड़ी घटना या किसी की मौत हो जाती है तो स्वास्थ्य विभाग हाफते हुए धमक पड़ता है। जिले के हर क्षेत्र में हजारों अवैध अस्पताल क्लीनिक पैथोलॉजी खुले हुए हैं। यह अवैध अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन और मानकों के बगैर ही संचालित किये जा रहे हैं। इतना ही नहीं काफी संख्या में झोलाछाप डॉक्टर भी जिले के तमाम क्षेत्रों में इलाज कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग इन पर अंकुश लगाने में नाकाम है। जिले में मंडलीय अस्पताल के अलावां सीएचसी, पीएचसी, न्यू पीएचसी और बड़ी संख्या में केंद्र खोले गए हैं। इसके बाद भी प्राइवेट अस्पतालों की संख्या तेजी से बढ़ भी रही हैं। नगर से लेकर ग्रामीणांचलों में बिना मानक के अस्पतालों का संचालन हो रहा है। नगर में कई अस्पताल ऐसे हैं जो एक या दो कमरे में चलाये जा रहे हैं।

ऐसे अस्पतालों में आपरेशन से लेकर प्रसव तक हो जा रहा है व अस्पताल खोलने का मानक भी पूरा नहीं कर रहे, इसके बाद भी उन पर संबंधित रोक नहीं लगा पा रहे हैं। उनके पास न तो डाक्टर हैं न प्रशिक्षित स्टाफ। नगर के धर्मशाला चैक, घोरावल रोड, शीतला मंदिर रोड, यही नहीं सीएमओ ऑफिस के चंद दूरी पर एवं रेलवे क्रॉसिंग पर, घुवास रोड, अमोखर चट्टी पर लगभग 6-7 की संख्या में अवैध क्लिनिक, तेंदु पुल, सोनवार रोड, नई बाजार लगभग 10-12 की संख्या में, चतरा बाजार में लगभग 10 अवैध झोलाछाप डॉक्टर रामगढ़ बाजार में लगभग 20 से लेकर 25 अवैध झोलाछाप डॉक्टर जिसमें होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक डेंटिस्ट इत्यादि सब मिलाकर सैकड़ों की संख्या में ऐसे अवैध अस्पताल संचालित किये जो रहे हैं। यही नहीं कुछ लोग मेडिकल स्टोर में भी अस्पताल और चिकित्सकीय कार्य कर रहे हैं।

अवैध व क्लिनिक भी पन्नुगंज से पनौरा रोड तक लगभग एक दर्जन से अधिक अवैध झोलाछाप डॉक्टर, ओईनी बाजार स्थित लगभग 15 से लेकर 20 अवैध झोलाछाप डॉक्टर खलियारी मार्केट में लगभग 25 से लेकर 30 अवैध झोलाछाप डॉक्टर अपनी दुकान चला रहे हैं। जो जनता के पसीने के कमाई को लूट रहे हैं। ह्यग्रामीण क्षेत्र में तो दुकान की तरह खुले हैं अस्पताल व झोलाछाप क्लिनिक ग्रामीण क्षेत्र में दुकानों की तरह अस्पताल झोलाछाप क्लिनिक खुले हुए हैं। इलाज के नाम पर लोगों से मनमानी वसूली की जा रही है। इतना ही नहीं कई मरीजों की तो इलाज के दौरान मौत भी हो चुकी है। मधुपुर ओवर ब्रिज के नीचे खैरपुर रोड पर सीलथम पटना क्षेत्र में गावं मे लगभग दो दर्जन से अधिक झोलाछाप डॉक्टर इलाज कर रहे हैं। विजयगढ़ किला रोड, धंधरौल बांध के पास से लेकर चुर्क नहर तक लगभग एक दर्जन से भी अधिक झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय हैं।

# कार ड्राइव करने के दौरान आईओसी के इंजीनियर को आई झपकी, ट्रक में मारी टक्कर, मौके पर मौत

**पटना, 18 मई (तरुणमित्र)।** जिले के बाढ़ अनुमंडल के सालिमपुर थाना अंतर्गत बख्तियारपुर पटना फोरलेन पर भीषण सड़क हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के वक्त कार की रफ्तार काफी थी। चालक को नींद आने से गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और कार खड़ी ट्रक के पीछे टकरा गई। दुर्घटना में कार का आगे का हिस्सा ट्रक के अंदर चला गया। इसी बीच ट्रक चालक भागने के फेर में कार को कुछ दूर तक घसीटते ले गया। उसके बाद वह मौके से ट्रक सहित भाग निकला। थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया की मृतक सुमित कुमार आईओसी में बतौर इंजीनियर के पद पर थे। घर में दो दिन पहले शादी था।



जिसमें रात भर वे जागे थे। शादी संपन्न होने के बाद कल बेटे का जन्मदिन था। बेटे के जन्मदिन मनाने के कारण वे रात में ठीक से सोए नहीं थे। रविवार की सुबह सुमित रांची के लिए अकेले कार से निकले थे। सुमित कुमार रांची में घर बनाकर रह रहे थे।

कार खुद सुमित कुमार चला रहे थे। रास्ते में पटना बख्तियारपुर फोरलेन पर मंझौली के पास उन्हें नींद की वजह से झपकी लगी और पल भर में मौत के आगोश में चले गए। नींद के कारण कार अनियंत्रित होकर सीधे खड़ी ट्रक के पीछे घुस गई। हादसे में मौके पर ही सुमित कुमार की मौत हो गई। घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई। इस बीच पुलिस भी घटनास्थल पर पहुँच गई। पुलिस कार के अंदर फंसे शव को किसी तरह बाहर निकाल कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सुमित कुमार अपने पिता के इकलौते संतान थे। तीन साल पहले उनकी शादी हुई थी। एक साल का बेटा था। जिसका शनिवार को जन्मदिन था। अचानक मौत की खबर सुनते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया।

# विश्व संग्रहालय दिवस पर सूने रहे संग्रहालय

## मूर्ति तस्करों की नजर गड़ी है संग्रहालयों पर-पर्यटक मायूस होकर लौटे

**सोनभद्र, 18 मई (तरुणमित्र)।** जब सारे विश्व में अवस्थित संग्रहालयों में पर्यटकों की भारी भीड़ लगी हो, पर्यटक अपनी इतिहास, संस्कृति, साहित्य को संग्रहित कलाकृतियों के माध्यम से जानने के लिए उत्सुक हो, ऐसे में भूतात्विक, पुरातात्विक, ऐतिहासिक, धार्मिक दृष्टि से विश्व में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले सोनभद्र के शिवद्वार, मऊ गांव में अवस्थित खंडहर बन चुके संग्रहालय सूना पड़ा रहा।



इन संग्रहालयों में आने वाले पर्यटक, विद्यार्थी, स्थानीय नागरिक खंडहर रूपी संग्रहालय के गेट पर बंद ताले को कातर दृष्टि से निहारते हुए मायूस होकर लौट गए, दूसरी ओर संग्रहित प्रस्तर मूर्तियां भी अपने बदहाली, असुरक्षा, दुर्दशा का दंश झेलती रही। इतिहासकार दीपक कुमार केसरवानी के अनुसार- ह्लसांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सोनभद्र के शिवद्वार एवं सुप्रसिद्ध विजयगढ़ दुर्ग स्थित मऊ गांव में बिखरे हुए ऐतिहासिक, कलाकृतियों, मूर्तियों को सुरक्षित रखने के दृष्टि से विंध्य संस्कृति शोध समिति उत्तर प्रदेश ट्रस्ट एवं अन्य सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों, साहित्यकारों के लंबे संघर्षों, प्रयासों के बाद 11वें वित्त आयोग योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय लखनऊ द्वारा शिवद्वार में स्थलीय संग्रहालय का निर्माण कराया गया एवं 3 सितंबर,2009 को तत्कालीन संस्कृति मंत्री द्वारा इसका उद्घाटन भी किया गया, 15 सितंबर,2009 को विजयगढ़ दुर्ग स्थित मऊ गांव के संग्रहालय का उद्घाटन भी तत्कालीन संस्कृति मंत्री द्वारा किया गया। उद्घाटन के पश्चात कुछ वर्षों बाद यह संग्रहालय वित्त एवं कर्मचारियों के अभाव में बंद हो गया।

स्थानीय नागरिक एवं संग्रहालय के मूर्तियों के संग्रहण में अग्रणी भूमिका निभाने वाले अशोक गोस्वामी के अनुसार-मऊ स्थित संग्रहालय अनेको दुर्लभ, प्राचीन मूर्तियां, कलाकृतियां संग्रहित है, इस संग्रहालय के निर्माण का उद्देश्य यह था कि ऐतिहासिक विजयगढ़ दुर्ग पर प्रतिवर्ष लगने वाले हिंदू मेले व अन्य कार्यक्रमों में भारी संख्या में आने वाले पर्यटक संग्रहालय में अवस्थित मूर्तियों का अवलोकन कर स्थानीय इतिहास से परिचित हो सके, लेकिन हम गांव वालों का सपना अधूरा रह गया।

आज इस संग्रहालय की दीवारें, खिड़कियां जगह-जगह से टूट चुकी हैं मूर्ति तस्करों की कुदृष्टि संग्रहालय में संग्रहित कलाकृतियों पर गड़ी हुई है। वरिष्ठ अधिवक्ता राम अनुज धर द्विवेदी ने शिवद्वार स्थित संग्रहालय की दुर्दशा पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि-संग्रहालय के निर्माण की उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो पा रही है विश्व प्रसिद्ध शिवद्वार मंदिर में प्रतिवर्ष शिवरात्रि, बसंत पंचमी सावन के महीने में कावड़ यात्रा आदि धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है, लाखों की संख्या में दर्शनार्थी, भक्तजन, पर्यटक, मंदिर में दर्शन करने के लिए आते हैं। इसी आशा और विश्वास के साथ इस संग्रहालय का निर्माण कराया गया था कि स्थानीय पर्यटक संग्रहालय में संग्रहित कलाकृतियां देख सके और स्थानीय संस्कृति, साहित्य, इतिहास का ज्ञान प्राप्त कर सके लेकिन आज यह संग्रहालय वर्षों से बंद पड़ा है।

क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी वाराणसी डॉक्टर रामनारायण पालको स्थानीय निवासियों द्वारा संग्रहालय की अव्यवस्थाओं, बंद होने की सूचना कई बार दी गई लेकिन उन्होंने विभागीय कर्मचारियों, वित्तीय कमी बात कर भविष्य में संग्रहालय के व्यवस्थित होने की बात करते रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से यह मांग किया कि यथाशीघ्र मऊ एवं शिवद्वार में स्थित संग्रहालय व्यवस्थित करते हुए, विभागीय कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए एवं संग्रहालय पर्यटकों के लिए प्रतिदिन खोला जाए ताकि आने वाले पर्यटक सोनभद्र के इतिहास संस्कृति साहित्य से परिचित हो सके।

# आरसीपी सिंह ने अपनी पार्टी का जनसुराज में किया विलय

**पटना, 18 मई (तरूणमित्र)।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी बदलने और पार्टी के विलय करने का सिलसिल शुरू हो गया है। इस सिलसिले में रविवार को जदयू से अलग होकर आरसीपी सिंह ने अपनी बनायी पार्टी आसा का विलय प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज में कर दिया।




पत्रकार सम्मेलन का आयोजन कर दोनों पार्टियों के प्रमुख ने आज पटना में विलय की जानकारी दी और दोनों नेताओं ने जदयू और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जोरदार हमला बोला। प्रशांत किशोर ने आरसीपी सिंह के जनसुराज संग आने को नीतीश कुमार के खिलाफ एक मजबूत गठजोड़ बताते हुए कहा कि 'कमजोर नीतीश कुमार को गिद्ध की तरह नोचा जा रहा है'।जदयू में जो लोग खुद को नेतृत्वकर्ता कहते हैं, वे नीतीश कुमार को कितना सहयोग करते थे, यह सबको पता है। पीके ने बिना किसी का नाम लिए, यहां तक कहा कि नीतीश कुमार की सरकार में शामिल कुछ मंत्री 'वसूली मंत्री' हैं।

प्रशांत किशोर ने जदयू के लोगों से अपील की है कि जदयू डूबता हुआ नाव है और वे जल्दी से जदयू को छोड़कर जनसुराज के साथ आ जाएं क्योंकि नीतीश कुमार की स्थिति पहले जैसे नहीं है।

प्रशांत किशोर ने कहा कि जदयू के जो पांच नेता हैं, जिन्होंने पार्टी को हाईजैक किया है उनसे जाकर पूछिए कि उनकी जनता में क्या पैठ है। अगर हम लोग नहीं होते यह लोग अभी कहां होते। उन्होंने कहा कि आरसीपी सिंह का काम करने का जो अनुभव है, बिहार में ऐसे बहुत कम लोग हैं।

आरसीपी सिंह आईएएस ऑफिसर रह चुके हैं। मैं जानता हूं कि अगर सबसे समझदार कार्यकर्ता किसी दल में हैं तो वह जनता दल यूनाइटेड में हैं। जन सुराज में समाजवाद को जिंदा रखा जाएगा। आरसीपी सिंह ने कहा कि आज रविवार है, सूर्य भगवान का दिन है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं अपनी पार्टी का विलय करूंगा, लेकिन यह हो गया। यह ईश्वर का आशीर्वाद है। आरसीपी सिंह ने कहा कि वे पिछले दो वर्षों से बिहार में घूम रहे हैं, लोगों से मिल रहे हैं और अब एक नई लड़ाई के लिए तैयार हैं। महागठबंधन की सरकार के वक्त जैसी मेहनत की गई थी, अब फिर वैसी मेहनत होगी, मगर इस बार खुद के लिए मेहनत करूंगा।

## मामूली बातों व गलत फहमियों से दूर जोड़ों को कराया जा रहा एक

**सोनभद्र, 18 मई (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशानुसार जनपद में मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के क्रम में रविवार को महिला थाना रॉबर्ट्सगंज पर आयोजित परामर्श केन्द्र में महिला थानाध्यक्ष, सविता सरोज मय टीम द्वारा महिला थाना रॉबर्ट्सगंज में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के सम्बंध में 06 वैवाहिक जोड़ों की काउंसलिंग की गयी। जिसमें से 03 जोड़ा पति-पत्नी की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें सुलझाया गया। जिससे पति-पत्नी राजी-खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए। अन्य 3 प्रकरण में अग्रिम तिथि नियत की गयी।

# दो वाहनों के आमने-सामने की टक्कर में चालक गंभीर रूप से घायल

**भागलपुर, 18 मई (तरूणमित्र)।** पुलिस जिला नवगछिया के गोपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-31 पर हनुमान मंदिर के समीप रविवार को दूध वाली लॉरी और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसा इतना भयानक था कि दूध की गाड़ी के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए।

इस घटना में लॉरी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल चालक की पहचान राम नरेश मिश्रा (उम्र 35 वर्ष), निवासी बख्तियारपुर, थाना बख्तियारपुर, जिला पटना के रूप में की गई है। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने गंभीर रूप से घायल चालक को तुरंत नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल पहुँचाया।



जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो गई।

जिसे बाद में पुलिस और स्थानीय लोगों के सहयोग से हटाया गया। इस घटना से स्थानीय क्षेत्र में दहशत का माहौल है लोग लगातार बढ़ते सड़क हादसों को लेकर चिंतित हैं। प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि हाईवे पर ट्रैफिक नियमों की सख्ती से पालन हो तथा ओवरलोड और तेज रफ्तार गाड़ियों पर निगरानी रखी जाए।

## विधायक ने जलापूर्ति निर्माण योजना का किया उद्घाटन

**भागलपुर, 18 मई (तरूणमित्र)।** भागलपुर के विधायक अजीत शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत अपनी अनुशंसा पर 8,02,000 रुपए की लागत से निर्मित वार्ड संख्या 40 अंतर्गत शाहबाज नगर में मॉडर्न पब्लिक स्कूल के पास जलापूर्ति निर्माण योजना का उद्घाटन किया । इस अवसर पर विधायक शर्मा ने कहा कि इस मुहल्ले के निवासियों ने मुझे पेयजल की गंभीर समस्या से अवगत कराया था। मुहल्लेवासियों के अनुरोध पर इन लोगों के व्यापक हित में मैंने इस प्याउ का निर्माण करवाया है, ताकि मुहल्लेवासियों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल की सुविधा मिल सके तथा भविष्य में भी इनकी समस्याओं को दूर करने के लिए मेरा प्रयास जारी रहेगा। मुहल्लेवासियों ने भी विधायक शर्मा का स्वागत किया एवं उनके प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पार्षद मो बदरुद्दीन, पार्षद शाहिदा खातून, पार्षद धीरज कुमार, पार्षद प्रतिनिधि सरवर कुरैशी, मो शेर खान, डॉ तारा, मो गुलरेज, मो सोनू, मुजफ्फर अयूबी, रेहान, कैयूम, इरशाद इत्यादि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# बाइक के आमने-सामने की टक्कर में दो की मौत

**अररिया, 18 मई (तरूणमित्र)।** जिले के खवासपुर-कुसार्काटा रोड में रविवार को सौरगांव के समीप दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। मृतकों में कुसार्कांटा के बखरी के रहने वाले 45 वर्षीय अशोक यादव पिता स्वर्गीय बहादुर यादव और दूसरा ताराबाड़ी थाना क्षेत्र के झमटा गांव के 48 वर्षीय मो. रउफ उम्र पिता मो. नजीर है।



वहीं घायलों में पाताशु मियां पिता मोहम्मद तसलीम, कुसार्कांटा एवं मोहम्मद बेचन पिता हलीम झमटा वार्ड संख्या 1, ताराबाड़ी का है। घायल पाताशु को बेहतर इलाज के लिए नेपाल रेफर किया गया है, जिसकी स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि हो रही हल्की बारिश तथा भारी बारिश की आशंका से बचने के लिए तेज गति से आमने-सामने आ रही बाइक के संतुलन खोने से दोनों आपस में टकरा गए। घटना की सूचना पर सिमराहा थाना के दरोगा मनीष कुमार एवं मदन कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से सभी को अस्पताल भिजवाया। मामले की पुष्टि करते हुए सिमराहा थाना अध्यक्ष प्रेम भारती ने बताया कि खवासपुर-कुसार्काटा रोड में सौरगांव के पास दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में दो बाइक सवार की मौत हुई है। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया है। जबकि अस्पताल से दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

# बाइक व स्कार्पियो की टक्कर में दो की मौत, तीन घायल

**भागलपुर, 18 मई (तरूणमित्र)।** जिले में कजरैली थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनियां पुल के पास बीती देर रात बाइक और स्कार्पियो की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि स्कार्पियो में सवार तीन लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान अनीश कुमार (27 वर्ष), ग्राम तेघड़ा, रनगांव, जिला मुंगेर तथा दशरथ सिंह (55 वर्ष), ग्राम महेशलेटी, चारा बड़गांव, थाना सजौर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दशरथ सिंह, अनीश के फूफा थे।

आज छुट्टी होने के कारण दोनों एक साथ मोटरसाइकिल से दशरथ सिंह के घर जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। अनीश कृषि सामग्री की खरीद-बिक्री से जुड़े थे। जबकि दशरथ सिंह भागलपुर स्टेशन के पास एक वस्त्र स्टॉल पर काम करते थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अमरपुर-भागलपुर मुख्य मार्ग पर बाइक और स्कार्पियो आमने-सामने आ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों व्यक्ति सड़क से काफी दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। वहीं, स्कार्पियो ने तीन पलटी खाई और उसमें सवार लोग भी घायल हो गए। स्कार्पियो कजरैली क्षेत्र की बताई जा रही है।



सूचना मिलते ही कजरैली थाना अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भेजा। दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए जेएलएनएमसीएच भेजा गया है। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन जेएलएनएमसीएच अस्पताल पहुंच गए। घर में मातम पसरा हुआ है और परिजन गहरे सदमे में हैं।

# ट्रांसफार्मर से तेल चोरी की घटना से विभाग एवं स्थानीय लोग परेशान

**अररिया, 18 मई (तरूणमित्र)।** फारबिसगंज में इन दिनों हाई वोल्टेज बिजली ट्रांसफार्मर से तेल की चोरी की घटना से बिजली विभाग के अधिकारी समेत तेल चोरी की घटना से अंधेरे में रहने को विवश स्थानीय लोग परेशान हैं। बिजली विभाग के कनीय अभियंता के द्वारा ट्रांसफार्मर से तेल चोरी की लगातार घटना को लेकर फारबिसगंज थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है।

बावजूद इसके इस पर किसी तरह का विराम नहीं लग पा रहा है। ट्रांसफार्मर से तेल चोरी की घटना नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 24,25 से लेकर बगल के किरकिचिया पंचायत के फौजी कॉलोनी और एसडीपीओ के आवास का आसपास के इलाकों में हो रही है। फारबिसगंज वार्ड संख्या 25 में पिछले तीन दिनों में दो बार ट्रांसफार्मर तेल की चोरी की घटना से बड़ी आबादी अंधेरे में रहने को विवश है। फारबिसगंज द्विजदेनी स्कूल मैदान के किनारे लगे ट्रांसफार्मर से बार बार तेल की चोरी की घटना के बाद विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर के बदलने का निर्णय लिया है। ट्रांसफार्मर से तेल चोरी की घटना को लेकर प्रोफेसर कॉलोनी वार्ड संख्या 25 के लोगों ने रविवार को प्रदर्शन किया और शीघ्रताशीघ्र ट्रांसफार्मर बदलाव की मांग विभाग की है। पुलिस प्रशासन से स्थानीय लोग सहित बिजली विभाग के अधिकारियों ने अज्ञात चोर को पकड़ने की गुहार लगाई है। स्थानीय निवासी अरविंद कुमार चौधरी, राजेश राज, अशोक मंडल आदि ने बताया कि द्विजदेनी खेल के मैदान के बगल में लगे ट्रांसफार्मर से तेल चोरी की घटना होते रहती है।जिसके कारण यह इलाका अंधकार में डूबा रहता है।जबकि वर्तमान समय में गर्मी से लोग परेशान हैं।ऐसे में बिजली नहीं रहने से गर्मी के साथ साथ पेयजल की संकट पैदा हो जा रही है। जिसका समुचित समाधान जरूरी है।

## भारतीय सेना के शौर्य को सम्मानित करने हेतु सहरसा में निकाली तिरंगा यात्रा

**सहरसा, 18 मई (तरूणमित्र)।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के शौर्य को सम्मानित करने के उद्देश्य से सहरसा में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में लोग इस यात्रा में शामिल हुए। इस आयोजन के माध्यम से भारतीय सेना के शौर्य और ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न की सफलता को सराहा गया। भारत माता कि जय, भारतीय सेना जिन्दाबाद और वंदे मातरम के नारों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल लोग देश प्रेम के जोश से भरे दिखाई दिए। यह तिरंगा यात्रा शहर के वीर कुंवर सिंह चौक से प्रारंभ होकर थाना चौक, डी बी रोड, शंकर चौक, महावीर चौक होते हुए शहीद चौक पर समाप्त हुई।इस अवसर पर सहरसा विधायक व बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन ने बताया कि हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में आतंकियों ने भारतियों का धर्म पूछकर उनकी हत्या की थी। इसका मुंहतोड़ जवाब भारतीय सेना ने पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों पर ह्यऑपरेशन सिंदूर चलाकर दिया।

# पानी और बिजली की समस्या को लेकर बैठक

**भागलपुर, 18 मई (तरूणमित्र)।** जिले के नाथनगर प्रखंड के दिलदारपुर दियारा के ग्रामीणों ने पानी और बिजली की समस्या को लेकर रविवार को सागर महतो की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में एक्शन एड और जनप्रिय के गौतम कुमार और सुभाष प्रसाद ने भाग लिया। बैठक में मोसमात सोहरा देवी ने कहा इस भीषण गर्मी में हम लोगों को पानी तक नसीब नहीं है। दिनभर में सुबह 10 मिनट के लिए पानी आता है। वह भी कहीं मिलता है और कहीं नहीं मिलता है। उस 10 मिनट के दौरान यदि बिजली चली गई तो दिनभर पानी नहीं मिलेगा।



जमीन के पानी का लेयर नीचे जाने के कारण चापानल नहीं चलता है। सुदर्शन महतो ने कहा गांव को नियमित बिजली नहीं मिलता है। रात को तो रहता ही नहीं। तीन फेज में से किसी एक ही फेज में ही बिजली रहता है, जिस कारण आधा अधूरा लोगों को बिजली मिल पाता है। घोलटी महतो ने कहा हर वर्ष बाढ़ के कारण हम लोगों को विस्थापित होना पड़ता है। यदि जिला प्रशासन हमारे गांव में मिट्टी भरवा दे तो बाढ़ के दिनों में विस्थापित होने का दंश झेलना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा चंपा नदी से मिट्टी का उठाकर गांव में भरवा दिया जाए तो नदी का भी जीर्णोद्धार होगा और परंपरागत रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सागर महतो ने कहा दिलदारपुर घनी आबादी वाला दिया है। दियारा में हम लोग तकरीबन 5 से 6 हजार लोग और 2000 वोटर रहते हैं। अपनी मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं को लेकर कई बार स्थानीय जन्म प्रतिनिधि और पदाधिकारी से मिले। लेकिन किसी ने हमारी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। आगे उन्होंने कहा हम अपनी समस्या को लेकर जिलाधिकारी से मिलेंगे। उनके बावजूद समस्या का समाधान नहीं होता है तो चरणबद्ध आंदोलन करेंगे और आगामी विधानसभा में हम लोग वोट का बहिष्कार करें।

उक्त अवसर पर महेंद्र महतो, मंगली देवी, निर्मला देवी, मीना देवी, नीलम देवी, व्यास महतो, ज्ञानदेव महतो, सुरेश महतो, भारत कुमार, मुन्ना कुमार, जयराम महतो, संजीव कुमार, संतोष कुमार, सूरज कुमार, बिजल कुमार, सुमित कुमार, वकील महतो, पवन दास, गोरेलाल महतो सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा का सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग का कार्यशाला आयोजित

**अररिया, 18 मई (तरूणमित्र)।** भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को भाजपा सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग कार्यशाला का आयोजन किया गया.ल। कार्यक्रम का अध्यक्षता सोशल मीडिया जिला संयोजक नृपेन कुमार सिंह ने किया। संचालन मंडल सह संयोजक जिला संयोजक नृपेन कुमार सिंह एवं पुष्कर झा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केन्द्रीय टीम से आएं हुए बिहार भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी अरुण यादव, प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक रवि सिंह एवं राधा रमन, क्षेत्रीय प्रभारी शशि शेखर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर बिहार सोशल मीडिया प्रभारी अरुण यादव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सोशल मीडिया की भूमिका और उसके क्रियान्वयन पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश हो कि हम इस माध्यम का उचित उपयोग करते हुए एनडीए सरकार के जनहितकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं।साथ ही पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान बिहार की हालात और हालत से भी नयी पीढ़ी को अवगत करवाएं। कार्यक्रम में जिला महामंत्री आकाश राज जी एवं राजेन्द्र यादव जिला मंत्री कनकलता देवी, आईटी सेल जिला संयोजक संतोष झा, सोशल मीडिया सह संयोजक विरेन्द्र आनंद उपस्थित होकर कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में आईटी सेल सह संयोजक अभिषेक मिश्रा एवं दिलीप मंडल सोशल मीडिया सह संयोजक गोविंद सिंह एवं जय नारायण यादव, श्याम कुशवाहा, कार्यालय मंत्री नीरज कुमार, आदर्श पंडित, संतोष पंडित, राजकुमार साह, बिभाष केसरी, अभिनंदन कुमार, कौशिक सिंह, सागर, अभिनाश, शैलेश, अमन, गुलाबचंद, मुकेश, गोरव सिंह, शुभम आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### केंद्रीय मंत्री ने भागलपुर में मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना को लेकर पीएम को लिखा पत्र

**भागलपुर, 18 मई (तरूणमित्र)।** केंद्रीय मंत्री सह लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने भागलपुर में पीएम मित्र योजना के तहत मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना किए जाने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने भागलपुर में इसकी स्थापना किए जाने को लेकर तर्क भी दिए हैं। इसको लेकर लोक जनशक्ति पार्टी भागलपुर इकाई के जिला अध्यक्ष सुबोध पासवान सहित अन्य ने रविवार को एक प्रेस वार्ता के दौरन चिराग पासवान को बधाई दी है। सुबोध पासवान ने कहा कि बुनकर की चिंताओं को लेकर चिराग पासवान ने जो यह पत्र लिखा है। इससे भागलपुर के बुनकरों में काफी उल्लास है। उन्होंने कहा कि बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट एक डॉक्यूमेंट है। चाहे भागलपुर के लिए हवाई सेवा हो, बुनकर की बात हो, बिजली की सुविधा हो, आवाज उठाने का काम लोग जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने किया है। यह भागलपुर के लिए बड़ी बात है। अगर मेगा टेक्सटाइल पार्क भागलपुर में बन जाता है तो यहां का बुनकर व्यवसाय राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय व्यापार फलक पर होंगे। प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा कि यहां के बुनकर अभी जिर्ण शीर्ण अवस्था में अपने व्यवसाय को किसी तरह कर रहे हैं। मेगा टेक्सटाइल पार्क बनने से उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार करने में सहूलियत मिलेगी और एक मजबूत आय का आधार भी बनेगा और भागलपुर का नाम सिल्क सिटी से जाना जाता है वह फिर से उभरेगा।

### पुलिस मुखबिरी के आरोप में शराब माफियाओं ने किया युवक को जख़्मी

**नवादा, 18 मई (तरूणमित्र)।** नवादा जिले के सिरदला थाना क्षेत्र अंतर्गत शेरपुर गांव से आगे बंगला पर एक बार फिर शराब माफियाओं का आतंक देखने को मिला है. जहां अवैध शराब की तस्करी करने वालों ने रविवार को एक युवक को पीट-पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घायल युवक का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला में कराया गया है। जहां युवक के सिर, पीठ, हाथ व कान से ब्लड और काफी चोट देखा गया। उसकी हालात को देखते हुए डॉक्टर ने सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया । घायल युवक की पहचान थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव के जीतन यादव के 20 वर्षीय पुत्र विपिन कुमार के रूप में की गई, जिसके बाद गांव के कुछ युवक और गांव के लोग थाना पहुंचे। वहीं, अब यह घटना घटी जिससे देख कर साफ जाहिर हो रहा है कि सिरदला थाना क्षेत्र में शराब माफियाओं का आतंक किस तरह बढ़ा है। घायल युवक ने बताया कि हम अपने घर से बाहर ट्रक चलाने का काम करते है। रविवार को बंगला पर गए हुए थे वहीं जानकारी मिली कि पुलिस ने जंगल से शराब पकड़ा था । शक के आधार पर शराब कारोबारियों ने मुझे उठा लिया। शराब पकड़वाने का आरोप लगा कर हमारे साथ 7 से 8 लोगों ने काफी मार पीट की । मारपीट के हंगामा के बाद बगल के ग्रामीण पहुंचे ।तब हमारी जान बची। वहीं सूचना पर सिरदला पुलिस के साथ 112 पुलिस टीम भी पहुंची थी, जिसके बाद हम सिरदला अस्पताल पहुंचे जहां इलाज के बाद रेफर कर दिया गया।

### विद्यालय में हंगामा और तोड़फोड़ मामले में तीन नामजद और अन्य के खिलाफ केस दर्ज

**अररिया, 18 मई (तरूणमित्र)।** फारबिसगंज के रामपुर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में खाना में कीड़ा मिलने के बाद छात्रों के द्वारा हंगामा और तोड़फोड़ किए जाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। स्कूल के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार पंडित ने फारबिसगंज थाना में मामला दर्ज कराया है,जिसमें तीन छात्रों के खिलाफ नामजद और अन्य को आरोपित किया गया है। आरोपित किए गए छात्रों में फारबिसगंज थाना क्षेत्र के रामपुर उत्तर पंचायत के वार्ड संख्या 8 निवासी नीतीश कुमार पिता सुरेन्द्र राम,सिमराहा थाना क्षेत्र के आरटी मोहन के डोरिया सोनापुर वार्ड संख्या 9 निवासी शिवदत्त कुमार पिता जकीर ऋषिदेव और सहरसा जिला के महिषी थाना क्षेत्र के खिरहा बलुआहा के पस्तवर निवासी प्रिंस कुमार पिता रणवत पासवान को आरोपी बनाया गया है। दर्ज प्राथमिकी में छात्रों पर डेढ़ लाख रुपए की सरकारी संपत्ति के नुकसान करने,मेस इंचार्ज सहित जीविका दीदियों और प्रधानाध्यापक राकेश कुमार पंडित का नाम लेकर गाली गलौज के साथ जान मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है।केस के अनुसंधानकर्ता सब इंस्पेक्टर शशिधर सिंह बनाए गए हैं। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि गुरुवार की रात करीबन दस बजे जब तेज आंधी चल रही थी तो नीतीश कुमार के भोजन में कीड़ा होने की अफवाह फैलाई गई,जिसके बाद छात्रों ने उत्पात मचाना शुरू किया।छात्रों ने स्कूल में बेंच डेस्क,कुर्सी,खाने के टेबल,शौचालय के दरवाजे,खिड़की के कांच एवं अन्य समानों के तोड़फोड़ करने शुरू कर दिए।जीविका दीदियों के समझाने बुझाने पर उनके साथ गाली गलौज करने की बात कही गई है।छात्रों द्वारा उत्पात से पहले सीसीटीवी कैमरा के केबल खींचकर तोड़ देने की बात कही,जिससे उनके किसी तरह की करतूत रिकॉर्ड न हो सके।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही बनेगा समृद्ध समाज : डॉ एस सिद्धार्थ

**नवादा, 18 मई (तरूणमित्र)।** बिहार शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ ने कहा है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही समृद्ध समाज की स्थापना संभव है। जिसके लिए शिक्षण संस्थान के संचालकों, शिक्षकों तथा अभिभावकों को सजगता से काम करने की जरूरत है। वे रविवार को गनौरी रामकली टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज के सभागार में मॉडर्न शैक्षिक समूह के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार सह प्रमाण पत्र वितरण सम्मान समारोह में अपना विचार व्यक्त कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि बिहार में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था स्थापित करना ही उनका लक्ष्य है। जिसके लिए शिक्षकों को प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव है जब समाज के हर वर्ग के लोग अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि नवादा से गहरा लगाव रहा है। जिस कारण यहां की व्यवस्था को और बेहतर बनाना है। पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के अपर मुख्य सचिव तथा नवादा के पूर्व डीएम रही डॉक्टर एन विजयलक्ष्मी ने कहा कि नवादा से भावनात्मक का रिश्ता रहा है। इस कारण यहां मैं पारिवारिक वातावरण महसूस करती हूं। उन्होंने कहा कि नवादा के विकास के लिए जो भी संभव होगा बढ़-चढ़कर किया जाएगा।

उन्होंने समारोह के आयोजन गनौरी रामकली टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज के सचिव डॉक्टर शैलेश कुमार तथा मॉडर्न शैक्षिक समूह के अध्यक्ष डॉक्टर अनुज सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सबों की शिक्षा में योगदान सराहनीय है। मॉडर्न शैक्षिक समूह के अध्यक्ष डॉक्टर अनुज सिंह ने कहा कि डॉक्टर सिद्धार्थ साहब के शिक्षा के विकास में सराहनीय योगदान है। इन्होंने जिस कदर शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर करने के लिए काम किया है। काबिले तारीफ है । इसके लिए मैं उनका स्वागत करता हूं। मॉडर्न शैक्षणिक समूह के सचिव डॉक्टर शैलेश कुमार ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही हमारे संस्थान का लक्ष्य है। इसके लिए सदा बेहतर तरीके से काम करता रहूंगा। उन्होंने बीएड के छात्रों को प्रमाण पत्र दिलवाकर अपर मुख्य सचिव डॉक्टर सिद्धार्थ व एन विजयलक्ष्मी के हाथों से पुरस्कृत भी कराया।

## हेडमास्टर ने कोसी नदी में फेंक दी गई सरकारी विद्यालय की किताबें, मामला दर्ज

**सहरसा, 18 मई (तरूणमित्र)।** सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के बीच जिन किताबों को स्कूल प्रशासन द्वारा वितरण किया जाना था। उन किताबों को हेडमास्टर द्वारा कोसी नदी में बहा दिया गया। यह कारनामा जिले के महिषी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय कुंदह का बताया जा रहा है, जहां शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल में भेजे गए किताबों को नदी में बहा दिया गया, जबकि इन किताबों को स्कूल में पढ़ने वाले नौनिहालों को बांटना था। जब ग्रामीणों की नजर कोसी नदी में फेंके गए किताबों पर पड़ी। तब ग्रामीणों ने भारी मात्रा में नदी में बह रहे किताब को बाहर निकाला। ग्रामीणों की माने तो स्कूल प्रशासन की लापरवाही से किताबों को नदी में फेंक दिया गया। इधर ग्रामीणों कि शिकायत पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने मध्य विद्यालय कुंदह के प्राचार्य सुरेश कुमार पर जलई थाना में मामला दर्ज कराया गया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
सोमवार, 19 मई 2025
विक्रम संवत्- 2082, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष- षष्ठी

## आम आदमी पार्टी में विभाजन

ऐसा लगता है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली शिकस्त के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने दिल्लीवासियों को ही नहीं, बल्कि अपनी पार्टी को भी उसके हाल पर छोड़ दिया है। तभी तो दिल्ली में आम आदमी पार्टी को लगे तगड़े झटके के बावजूद केजरीवाल की ओर से अब तक कोई बयान नहीं आया है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के 13 पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा देकर नया राजनीतिक दल बना लिया है। पार्षदों ने इस पार्टी का नाम इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी रखा है। यह कदम आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने एमसीडी चुनाव में मिली हार के बाद उठाया है। नयी पार्टी का नेतृत्व मनीष गोयल कर रहे हैं जो दिल्ली नगर निगम में पार्टी के नेता रहे हैं। दिल्ली के हाल के विधानसभा चुनाव में उन्होंने आदर्शनगर से चुनाव भी लड़ा था लेकिन भाजपा प्रत्याशी ने उन्हें हरा दिया था। 2025 की शुरूआत में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को बुरी हार का सामना करना पड़ा जिसके बाद पार्टी के अंदर लगातार असंतोष और खींचतान का माहौल है। अब 13 पार्षदों के इस्तीफे ने पार्टी की मुश्किलें और अधिक बढ़ा दी हैं। उधर, पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पूरी तरह दिल्ली से गायब है, जबकि यह वही दिल्ली है जिसने उन्हें 10 साल से अधिक समय तक आँखों पर बिठाए रखा। परन्तु दिल्ली विधानसभा चुनाव हारने के बाद पिछले तीन महीने से वे लापता हैं। फरवरी में चुनाव हारने के बाद से पिछले तीन महीने में वे दो बार पार्टी की बैठक में शामिल हुए। दिल्ली के एक पांच सितारा होटल में उन्होंने बेटी की शादी से जुड़े कुछ कार्यक्रम अवश्य किए थे, परन्तु शादी की रस्में पंजाब के मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास कपूरथला हाउस में हुई थीं। इसे लेकर भी सवाल उठे थे और विरोधियों ने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर आरोप लगाया था कि उन्होंने सीएम आवास को बारात घर बना दिया है। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा और हिंदी फिल्मों की हिरोइन परिणीति चोपड़ा की शादी भी कपूरथला हाउस में हुई थी। बहरहाल, तीन महीने से केजरीवाल दिल्ली की राजनीति से दूर ज्यादा समय पंजाब में बिता रहे हैं क्योंकि पंजाब विधानसभा चुनाव में अब दो साल से कम समय रह गया है। मार्च 2027 में पंजाब का चुनाव होना है। केजरीवाल को पता है कि दिल्ली के बाद अगर पंजाब में आम आदमी पार्टी की सत्ता गई तो फिर बड़ा संकट होगा और पार्टी को बचाना मुश्किल हो जाएगा। दिल्ली में सत्ता से बाहर होते ही पार्टी के हाथ से नगर निगम भी निकल गया है। चंडीगढ़ नगर निगम भी उनकी पार्टी गंवा चुकी है। पंजाब के अलावा किसी और राज्य में सत्ता के आसपास पहुंचने की भी संभावना नहीं दिख रही है। दिल्ली में सत्ता में रहते आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी बनने के नजदीक थी। केजरीवाल तब कहते थे कि दिल्ली में उनकी पार्टी को हराने वाला अभी पैदा नहीं हुआ। अब वही केजरीवाल दिल्ली में पार्टी में टूट के बाद भी चुप हैं। थोड़े से समय में यह भारतीय राजनीति में किसी राजनीतिक दल के उदय और पतन की दुर्लभ कहानियों में से एक है।

## पद की है तलाश !

अवसर रहे निहार ।
पद की है तलाश ।।
ना रहना है आम ।
बन ही जाना खास ।।
गुणा भाग में माहिर ।
जा रहा संदेश ।।
पर पहले टटोलना ।
बढ़े ना कलेस ।।
दिख जाए पर जल्द ।
नया कुछ अवतार ।।
मनोरंजन की थोड़ी थोड़ी ।
बहती रहे बयार ।।
फैसला तो मान्य है ।
पर कसक है बाकी ।।
ना आई पर काम ।
कोई भी चालाकी ।।



कृष्णेन्द्र राय

## सूडोकु नवताल- 7434

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 7433 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# अनिवार्य है, कृतघ्न तुर्किए को कठोर संदेश देना



डॉ. आशीष वशिष्ठ

**जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की नृशंस हत्या के उत्तर में शुरू ऑपरेशन सिंदूर पाक समर्थित आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार बन गया। चार दिन चले ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सारी हेकड़ी निकल गई, और वो सीजफायर की भिक्षा मांगने लगा।**

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर अवश्य हो गया है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बीच तुर्की खासा सुर्खियों में रहा और उसका पाकिस्तान प्रेम खुलकर सामने आ गया।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, तुर्किए और अजरबैजान का वास्तविक चेहरा अखिल विश्व के समक्ष अनावृत हो गया। पाकिस्तान ने इस दौरान भारत पर जो ड्रोन और मिसाइल दागे वो 'मेड इन' चाइना और तुर्किए में बने थे। पाकिस्तान ने जो चीन की निकृष्ट मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन भारत पर हमले में प्रयोग किये, उनके अवशेष सैन्य बलों के पास हैं। चीन और तुर्किए अब इन प्रमाणों को नकार नहीं सकता है। सीजफायर के बाद पाकिस्तान के मित्र तुर्किए के विरुद्ध भारत में विरोध शुरू हो गया है और सोशल प्लेटफार्म पर बॉयकाट तुर्की मुहिम जोर पकड़ने लगी है। भारतीय टूरिस्ट तुर्किये और अजरबैजान का बॉयकॉट कर रहे हैं।

मोदी सरकार ने भी तुर्की को सबक सिखाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। लेकिन जिस तरह देशवासियों ने स्वतः तुर्की और अजरबैजान का बॉयकॉट करने की मुहिम छेड़ी है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, वो कम है। भारतीय नागरिकों के इस भाव का प्रभाव तुर्किए के अरबों डॉलर के व्यापार पर पड़ने वाला है। तुर्किये 'एहसान फरामोशी' का सबसे कलंकित उदाहरण हो सकता है। जब फरवरी, 2023 में तुर्किए में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, लगभग चालीस हजार लोग मारे गए थे, इमारतें 'मिट्टी-मलबा' हो गई थीं, तब भारत ने मदद का पहला हाथ बढ़ाया था। भारत ने भूकंप के अलावा भी तुर्किये की कई बार सहायता की है, लेकिन जब मौका आया तो उसने कृतघ्नता ही दिखाई और भारत के शत्रु के पक्ष में खड़ा हो गया। 2009 में तुर्किये ने पहली नैनो सैटेलाइट आईटीयूपीसेट-1 बनाई, जिसे स्पेस में नई टेक्नोलॉजी पर रिसर्च करना, पृथ्वी की तस्वीरें लेना और आंकड़ा एकत्र करने के लिए भेजा जाना था। इस लॉन्च में भारत ने तुर्किये की मदद की थी। इस सबके उपरांत तुर्किये सदैव पाकिस्तान का समर्थन करता रहा है। तुर्किये ने 2019 में भारत के धारा 370 हटाने का भी विरोध किया था। इसके बाद से लगातार तुर्किये यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली यानी यूएनजीए में कश्मीर का मुद्दा उठाता आया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की रात भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया, तो तुर्किये खुलकर पाकिस्तान के साथ दिखा। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि तुर्किये ने पाकिस्तान को करीब 350 ड्रोन और उन्हें चलाने के लिए ऑपरेटर भेजे। 4 मई को तुर्किये ने नौसेना का युद्धपोत टीसीजी बुयुकडा (एफ-512) पूरे बेड़े के साथ पाकिस्तान के कराची पोर्ट पर भेज दिया। तुर्किए ने पाकिस्तान के पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की अनुशंसा का भी समर्थन किया। 10 मई को सीजफायर के बाद शहबाज शरीफ ने एर्दोगन को मदद करने के लिए शुक्रिया अदा किया। तुर्किए के पाकिस्तान का साथ देने के बाद भारतीय पर्यटकों ने धड़ाधड़ तुर्की की यात्राएं कैंसिल करवानी शुरू कर दी है। भारतीय पर्यटकों को आज की तारीख में सिर्फ एक आम ट्रैवलर मानना बहुत बड़ी गलती है। क्योंकि ग्लोबल टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए भारतीय पर्यटक एक आर्थिक स्तंभ बन चुके हैं। साल 2023 में भारतीय पर्यटकों ने दुनिया के अलग अलग हिस्सों में घूमने में 18 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए। ऐसे में अगर भारतीय पर्यटक किसी देश का बहिष्कार करते हैं तो वो सिर्फ एक सोशल मीडिया पर चलाया गया ट्रेंड नहीं होता है, बल्कि एक भूकंप होता है।

पिछले साल जनवरी में मालदीव के कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जिसके बाद भारत और मालदीव के बीच विवाद काफी बढ़ गया। भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बहिष्कार शुरू कर दिया, जिसने कुछ ही समय में मालदीव के नेताओं को घुटने टेकने के लिए विवश कर दिया। मालदीव की अर्थव्यवस्था, जिसमें टूरिज्म सेक्टर का 28 प्रतिशत योगदान है, उसे गहरा धक्का लगा था, लिहाजा अब बारी तुर्की की है। पिछले कुछ सालों में भारी संख्या में भारतीय पर्यटकों ने घुमने के लिए तुर्की को चुना है। साल 2023 में करीब 2.74 लाख भारतीय नागरिक घूमने के लिए तुर्की गये थे। जबकि 2024 में तुर्की जाने वाले भारतीय पर्यटकों का ये आंकड़ा बढ़कर करीब 3.5 लाख पहुंच गया। भारतीय लोगों के बीच शादी करने, हनीमून मनाने और फैमिली ट्रिप्स के लिए तुर्की तेजी से लोकप्रिय हो रहा था। लेकिन 2025 में तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन कर-के भारतीयों को अपने विरूद्ध कर लिया है। इसके अलावा भारत जैसे देशों के पर्यटकों का बहिष्कार सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक संदेश भी होता है।

पर्यटन के अलावा भारतीय बाजारों में तुर्की से आयातित सेब की बिक्री पर भी प्रभाव पड़ा है। भारतीय कारोबारियों ने अब ईरान, अमेरिका और न्यूजीलैंड से सेब खरीदना शुरू कर दिया है। सेब उत्पादन करने वाला संघ, जो पहले से ही विदेशों से मंगाए जाने वाले सेब की वजह से नाराज रहता था और तुर्की के सेब पर प्रतिबंध लगाने की मांग करता रहता था, वो अब प्रसन्न है। इस वित्त वर्ष में तुर्की से 1 लाख 60 हजार टन सेब खरीदे गये थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत तुर्की के साथ व्यापारिक संबंध समाप्त करने की तैयारी मे। भारत तुर्की से दाल, तिलहन और स्टील जैसी चीजें खरीदता है। दोनों देशों के बीच व्यापार को 20 अरब डॉलर तक ले जाने की योजना थी। लेकिन अब बदले वातावरण में यह संबंध पूर्णत समाप्त हो सकते हैं। 15 मई केंद्र सरकार ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी। यह दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु सहित प्रमुख भारतीय हवाई अड्डों पर हाई सिक्योरिटी ऑपरेशन संभालती है। भारत के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों ने भी तुर्की से एकेडमिक समझौते रद्द कर दिये हैं। इनमें जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी यानी जेएनयू, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, आईआईटी रुड़की, शारदा विश्वविद्यालय और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी शामिल हैं।

भारत सरकार ने व्यापार के अलावा कूटनीति के मोर्चे पर भी तुर्किये को बड़ा सबक सिखाने का मन बना लिया है। तुर्किये को सबक सिखाने के लिए भारत उसके अंदर के मुद्दों को बाहर लाएगा। तुर्किये में लगातार बढ़ रही मानवाधिकार हनन की घटनाओं को भारत यूनाइटेड नेशन्स के समक्ष रख सकता है। इसके अलावा 'साइप्रस का मुद्दा' तुर्किये की सबसे बड़ी कमजोरी बन चुका है। तुर्किए और साइप्रस के बीच की जंग दशकों पुरानी है, इसके बावजूद तुर्किये इसे समाप्त नहीं कर पा रहा। भारत इस मुद्दे के सहारे तुर्किये को सबक सिखा सकता है। येन-केन-प्रकारेण, तुर्किये ने इस्लामी देशों का 'खलीफा' बनने की भ्रांति पाल रखी है, इसलिए उसकी हेकड़ी तोड़ना अत्यावश्यक है।

तुर्किए को सबक सिखाना इसलिए भी अहम है क्योंकि अखिल विश्व को यह संदेश देना चाहिए कि भारत के शत्रु का जो भी साथ देगा, उसे भारत शत्रु की श्रेणी में ही रखेगा। व्यापार, हानि-लाभ और कूटनीति अपने स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में कहा जाए तो हमारे दिल में 'नेशन फर्स्ट' का भाव सर्वोच्च होना चाहिए। केवल तुर्किए ही नहीं, हमें हर उस देश और व्यक्ति का बॉयकॉट करना चाहिए या हमारे भीतर शत्रु बोध होना चाहिए, जो हमारे देश के प्रति शत्रुता रखता हो, शत्रुता का भाव और विचार रखता हो और जो हमारे शत्रु से मित्रता निभाता हो।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# पाकिस्तानी दोस्त तुर्की पर जबरदस्त चौतरफा 'स्ट्राइक'



**भविष्य की आहट**
**डा. रवीन्द्र अरजरिया**

'आपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान को सबक सिखाने के बाद अब उसके सहयोगियों को देश ने सबक सिखाना शुरू कर दिया है। इस श्रंखला की पहली कड़ी तुर्किये है। उल्लेखनीय है कि विगत 6 फरवरी 2023 को तुर्किये में 7.8 तीव्रता वाला सदी का सबसे शक्तिशाली भूकम्प आया था। इस आपदा में 60 हजार से अधिक लोगों के हताहत होने, लगभग 1.50 लाख भवनों के धूलधूसित होने तथा 15 लाख से ज्यादा लोगों के बेघर होने की स्थिति निर्मित हुई थी। तब मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए भारत ने 'आपरेशन दोस्त' चलाया था। सबसे पहले भारत ने ही सहायता पहुंचाई थी जिसमें राहत सामग्री भरकर सी-17 श्रेणी के 6 विमान तथा चिकित्सीय उपकरणों तथा दवाइयों से सुसज्जित सुपर हरक्यूलिस श्रेणी का विमान भेजे गये थे। इसके अलावा भारतीय सेना के 250 जवानों सहित एनडीआरएफ के 50 दक्ष सेवाकर्मियों के दलों को भी सहायतार्थ पहुंचाया गया था।

चिकित्सा जगत के 99 भारतीय चिकित्सा विशेषज्ञों ने तुर्किये में 30 बिस्तरों का फील्ड अस्पताल बनाकर वहां के 4 हजार से अधिक मरीजों की सर्जरी, क्रिटिकल केयर, आपरेशन के साथ साथ अन्य जटिल आपातकालीन इलाज किया था। कपडे, टैंट, बचाव उपकरण, जनरेटर्स, एक्सरे मशीन, वैन्टिलेटर्स, ईसीजी मशीनें, कम्बल, दैनिक उपयोग की सामग्री, राशन, फल, मेवा, पौषिक आहार, शक्तिवर्धक औषधियों सहित अन्य आवश्यक सामग्री भी भारत ने भेजी थी। उसी देश ने अहसान फरामोशी का कीर्तिमान स्थापित करते हुए विगत 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए धर्मगत आतंकी हमले के गुनहगार पाकिस्तान पर किये गये 'आपरेशन सिंदूर' के दौरान उसे खुलकर समर्थन ही नहीं दिया बल्कि हथियारों का जखीरा, सैन्य उपकरण, उपकरणों के आपरेटर्स, कूटनैतिक तथा आर्थिक सहयोग तक मुहैया कराया था। सूत्रों के अनुसार तुर्किये ने पाकिस्तान को 350 से अधिक ड्रोन सहित बेतहाशा गोलाबरूद आदि दिये थे ताकि वह आपरेशन सिंदूर का मुंहतोड जवाब दे सके। इसी क्रम में विगत 4 मई 2025 को तुर्किये नौसेना युद्धपोत टीसीजी बुयुकडा एफ-512 भी कराची पोर्ट पर सहायतार्थ पहुंच गया था ताकि भारतीय नौसेवा के साथ खुली जंग हो सके। अतीत में भी अनेक अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर तुर्किये द्वारा पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाया जाता रहा है। अब भारत ने तुर्किये के खिलाफ आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक नाकेबंदी हेतु कूटनैतिक प्रयास तेज कर दिये हैं। जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, जामिया विश्वविद्यालय सहित देश के अनेक विश्वविद्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों ने तुर्किये के साथ हुए अपने अनेक अनुबंध निलम्बित कर दिये हैं जिससे वहां विकसित हो रही शिक्षा संभावनायें एक झटके के साथ रुक गई। दूसरी ओर दिल्ली, किशनगढ़, उदयपुर, चित्तौडगढ़ तथा सिलवासा के मार्बल व्यवसायियों ने पाक सहयोगी से मार्बल के आयात को पूरी तरह से बंद करने की घोषणा कर दी है। मालूम हो कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 14.5 लाख मीट्रिक टन मार्बल का आयात करता है जिसमें से 10 लाख मीट्रिक टन मार्बल केवल तुर्किये से आता था। इस तरह लगभग 2500 करोड़ रुपये का कारोबार शून्य पर पहुंच गया। देश के मार्बल व्यापार संगठनों की माने तो वे अब तुर्किये के स्थान पर इटली, वियतनाम, स्पेन, क्रोशिया, नामीबिया तथा ग्रीस जैसे देशों से माल मंगाकर उच्चतमस्तर के विलासतापूर्ण जीवन जीने वाले उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करेंगे।

इसी तरह देश के फल व्यापारियों ने भी तुर्किये के सेब के आर्डर कैंसिल करना शुरू कर दिये हैं। भारतीय पर्यटकों ने भी इस देश की पूर्व निर्धारित यात्रायें स्थगित करना शुरू कर दीं हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारतीय पर्यटकों ने गत वर्ष तुर्किये को लगभग 4 हजार करोड़ का मुनाफा दिया था। तुर्किये के ब्रैंड्स को आनलाइन घायल करने के लिये रिलायंस तथा फ्लिपकार्ट ने भी प्रहार शुरू कर दिये हैं। रिलायंस के आजियो तथा फ्लिपकार्ट के मिंत्रा पर तुर्कीश बैंड्स का सामान आउट आफ स्टाक दिखने लगा है। ज्ञातव्य है कि तुर्किये के ई-कामर्स प्लेटफार्म ट्रेंडयाल के मार्केटिंग राइट्स भारत में खरीदे गये थे। मिंत्रा ने ट्रेंडयाल पर लिस्टिड सभी तुर्कीश ब्रैंड्स की सेल अस्थाई तौर पर सस्पेंड कर दी है। रिलायंस ने तो तुर्की में स्थापित अपने सारे आफिस बंद कर दिये हैं। भारत सरकार ने तो बड़ा झटका देते हुए तुर्की की ग्राउण्ड हैंडलिंग सर्विस देने वाली कम्पनी सेलेबी एविएशन की सिक्योरिटी क्लीयरेंस को राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए रद्द कर दिया है। बौखलायी तुर्किये की कम्पनी ने भारत में मौजूद मीर जाफरों की फौज के सहयोग से भारत सरकार के इस फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है ताकि देश के लचीले संविधान की आड में सरकार के राष्ट्रवादी कदमों को रोक जा सके। बहरहाल, गत शुक्रवार को सीएआईटी द्वारा आयोजित बिजनेस लीडर्स का एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें देश भर के 125 से अधिक प्रमुख दिग्गजों ने भाग लिया, उस सम्मेलन में भी तुर्किये और अजरबैजान के साथ यात्रा, पर्यटन, व्यापार, वाणिज्य, तकनीक आदि सभी क्षेत्रों में बहिष्कार करने का संकल्प लिया गया। सरकारी संस्थाओं से लेकर निजी संगठनों तक ने 'आपरेशन सिंदूर' के दौरान आतंकी देश पाकिस्तान के सहयोगी राष्ट्र तुर्किये पर प्रहार पर प्रहार करने शुरू कर दिये हैं। ऐसे में पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को बेनकाब करने हेतु निकलने वाले मल्टी पार्टी डेलिगेशन के शशि थरूर-कांग्रेस, रविशंकर प्रसाद भाजपा, संजय झा जदयू, बैजयंत पंडा भाजपा, कनिमोझी करुणानिधि डीएमके, सुप्रिया सुले एनसीपी पवार तथा श्रीकान्त शिन्दे एनसीपी का विश्वव्यापी दौरा निश्चय ही आने वाले समय में पाकिस्तान को आतंकिस्तान के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# नौकरी पात्रता में पुराना ढर्रा छोड़े सरकार



प्रेम शर्मा

आज का जीवन तेजी से डिजिटलीकृत हो रहा है। कंप्यूटर शिक्षा युवाओं को इस बदलती दुनिया के साथ तालमेल बिठाने में मदद करती है। कंप्यूटर कौशल की मांग सभी क्षेत्रों में बढ़ रही है। जिससे कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त युवाओं को विभिन्न प्रकार के रोजगार प्राप्त करने में मदद मिलती है। शायद यही कारण है कि देश के युवाओं ने अपनी शिक्षा के साथ अब कम्युटर शिक्षा को अनिवार्य मानते हुए अलग अलग तरीके के कम्प्यूटर कोर्स करने शुरू कर दिये है।

प्रतिवर्ष राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान से प्रमाणित यूपीटेक जैसे तमाम जगहों से प्रतिवर्ष हजारों बच्चे कंप्यूटर की शिक्षा लेकर ट्रिपल सी, ओ लेबिल, एलेबिल, डाटा एन्ट्री, टेली विथ जीएसटी आदि के प्रमाण पत्र लेकर कंप्यूटर शिक्षा में दक्ष होकर बेकार घूम रहे है। यही नही इंटर के बाद सरकारी सेवा की लालच में बच्चों ने बीसीए और एमसीए को अपना टारगेट बना रखा है। हजारों बच्चें आज बीसीए और एमसीए करने के बाद निजी संस्थानों में काफी कम मानदेय में नौकरी कर रहे है। केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा निकाली जाने वाली भार्तियों में आज भी लगभग वही पुराना ढर्रा अपनाया जा रहा है। अब जबकि ग्राम पंचायत से लेकर शीर्ष कार्यालयों तक कंप्यूटरीकरण का अत्याधिक उपयोग शुरू हो चुका है ऐसे में पुराने ढर्र पर भार्तियों के चलते शिक्षणा संस्थानों से लेकर आम और खास कार्यालयों तक में कंप्यूटर शिक्षित कीर्मिकों की कमी खल रही है। हालांकि केन्द्र एवं राज्य सरकारों ने कर्म खर्च में काम की रणनीति अपनाते हुए संविदा और ठेका प्रणाली से नाममात्र के कंप्यूटर शिक्षित लोगों को काम दे रखा है लेकिन उसका उतना लाभ न तो सरकार उठा पा रही है न ही आम जनमानस को उसका लाभ मिल पा रहा है। यहां यह मुद्दा उठाने के पीछे कई लाजिक है। जैसे पुलिस विभाग में आज के दौर में सबसे ज्यादा साइबर अपराध हो रहे ऐसे में इस क्षेत्र के आपराधियों से निपटने के लिए भारी भरकम शरीर या उच्च शिक्षित कार्मिक की जगह अगर कंप्यूटर विशेषज्ञ इनके साइबर सेल शामिल किए जाए तो इस तरह के अपराधियों को पकड़ने में सहायता मिलेगी। अगर इस आधार पर प्रत्येक जिले के साइबर सेल में कंप्यूटर विशेषज्ञों की भर्ती की जाए तो काफी कंप्यूटर विशेषज्ञ छात्रों को रोजगार मिल सकता है। यही हाल रेलवे, कृषि, स्वास्थ्य, परिवहन, ऊर्जा मंत्रालय, राजस्व, आयकर, बिक्रीकर सहित शिक्षा विभाग का है। केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के सचिवालयों में तो हर हाल में कंप्यूटर विशेषज्ञों भर्ती होनी चाहिए। क्योकि अब तक सचिवालयों में 90 प्रतिशत काम पेपर लेस के करीब पहुंच चुका है। यही नही अगर वाकई सरकार पेपर लेस वर्क के आधार पर काम कर रही है तो उसे हर छोटे से बड़े विभाग में एक अलग कंप्यूटर विंग बनाना चाहिए जिसमें उधर या आधे अधूरे ज्ञान वाले नही बल्कि पात्र कंप्यूटर विशेषज्ञों की तैनाती की जाए। क्योकि पिछले कुछ सालों में हर विभाग में कंप्यूटरीकरण के नाम पर हजारों हजार कंप्यूटर खरीद कर इन्टरनेट से जोड़ तो दिये गए लेकिन कार्मिकों को कंप्यूटर का ज्ञान न होने के कारण वे डिब्बे या फिर गेम खेलने के काम आ रहे है। अगर सरकार एक बार अपना पुराना भर्ती की पात्रता को दरकिनार कर हर विभाग में फिलहाल रिक्त पदों पर पद के सापेक्ष 50 प्रतिशत पदों पर कंप्यूटर की पात्रता वाले युवाओं को भर्ती कर ले तो व्यापक स्तर पर सुधार दिखाई देगा।




हालाकि कि सरकार की अपनी नीति के तहत केन्द्र एवं राज्य सरकारों के अधिनस्थ रिक्त पदों की संख्या खुलकर या स्पष्ट रूप से सामने नही आती लेकिन कभी कभार सदन में उठाये जाने वाले प्रश्नों के माध्यम से पता चलता है कि केन्द्र सरकार के अधिनस्थ वर्तमान समय से दस लाख और प्रत्येक राज्य सरकारों में औसतन 30 से 40 प्रतिशत पद रिक्त है।

सबसे खात बॉत यह कि चतुर्थ श्रेणी संवर्ग जिसमें सर्वाधिक लोगों को रोजगार मिलने से उनके परिवाार का भरण पोषण होता था उसे समाप्त कर सरकार ने ठेका प्रथा के हवाले कर इस संवर्ग के लोगों का मानसिक, आर्थिक शोषणा का रास्ता खोल दिया है। आज देश में केन्द्र और राज्य सरकारों के अधिनस्थ ठेका प्रथा में शोषण का शिकार हो रहे कार्मिकों की संख्या करोड़ का आकड़ा पा कर गई है। एक जानकारी के अनुसार अभी केंद्र सरकार के तहत आने वाले लगभग 78 विभागों में 9.79 लाख पद खाली हैं। देशभर के सरकारी स्कूलों में भी शिक्षकों के लगभग 10.6 लाख से ज्यादा पद खाली हैं। पूरे देश में शिक्षकों के 61 लाख 84 हजार 464 पद स्वीकृत हैं, जबकि अलग-अलग राज्यों में कुल 10 लाख 60 हजार 139 पद खाली हैं। इसमें बिहार और यूपी टॉप पर देखे जा सकते है। यानि कि इनमें अगर दस प्रतिशत भी कंप्यूटर विशेषज्ञों भर्ती बदलते परिवेश और जरूर के हिसाब से कर दी जाए तो एक लाख ओ लेबिल, ए लेबिल, बीसीए और एमसीए बच्चों को सरकार रोजगार दे सकती है। इसी तरह रेलवे में लगभग 2,37,295 पद खाली है। मंजूर पदों की तुलना में 15 प्रतिशत पद खाली हैं। गृह मंत्रालय में लगभग 1,28,842 पद खाली हैं. यहां भी 12 प्रतिशत पद खाली हैं। साइंस और टेक्नोलॉजी विभाग में लगभग 66 प्रतिशत पद खाली हैं और कुल खाली पदों की संख्या 12,444 है। वहां सिर्फ 4217 लोग ही काम कर रहे हैं। यह तो केवल बानगी है यानि के केन्द्र सरकार के सभी विभागों को देखा जाए तो हर साल एक करोड़ नौकरियां देने का वादा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान सही लगता है।

इसके ठीक विपरीत के उनके कार्यालय में ही लगभग 26 प्रतिशत पद खाली हैं। जल संसाधन, नदी विकास और गंगा मंत्रालय में लगभग 4557 पद खाली हैं, जो 42 फीसदी है। अगर मां गंगा के नाम पर भी युवाओं को नौकरी मिल जाती तो साढ़े चार हजार लोगों का कल्याण हो जाता। देश के लिए नीति बनाने वाले आयोग का हाल भी अन्य मंत्रालयों की ही तरह है। वहां भी 32 प्रतिशत पद खाली हैं। ऐसे मे अगर राज्य सरकारों के अधिनस्थ बॉत की जाए तो यहॉ भी लगभग अधिकाधिक रोजगार देने वाले संवर्ग में रिक्तियॉ 60 प्रतिशत तक है। विद्यालयों का यही हाल है केन्द्रीय एवं राज्य सरकारों में कंप्यूटर शिक्षा देने वाले शिक्षक नाम मात्र के है। अगर है भी तो वे ठेका प्रथा से सम्बद्ध है। ऐसे में केन्द्र एवं राज्य सरकारों को अगर वाकई इस बदलती दुनिया के साथ तालमेल बिठा कर चलना है तो उसे हर संवर्ग की नौकरियों में 50 प्रतिशत पदों पर राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान से प्रमाणित प्रशिक्षित कंप्यूटर शिक्षित उम्मीदवारों शामिल करना होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## आज का राशिफल

**मेष :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**वृष :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**कर्क :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**सिंह :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ ? के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**कन्या :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा।

**तुला :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**धनु :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**मकर :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रह। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कुंभ :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**मीन :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

पं0 सुभाष पाण्डेयः हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# गोगरी की धरती पूर्व से ही ऐतिहासिक रही है गोगरी के विकास के लिए समर्पित हूं-पन्ना लाल

**पत्रकार नगर, खगड़िया,18 मई (तरूणमित्र)।** जन विकास मंच गोगरी की ओर से गोगरी अनुमंडल की 33 वां स्थापना दिवस समारोह ग्रीन पार्क विवाह भवन वार्ड नंबर 18 जमालपुर गोगरी के प्रांगण में प्रो० नरेंद्र कुमार यादव अध्यक्ष जेपी सेनानी की अध्यक्षता में हुई मंच के संचालन संरक्षक डॉ० प्रियवर्त सिंह ने किया।

इस कार्यक्रम के उद्घाटन करता बेलदौर विधानसभा के जदयू विधायक पन्नालाल सिंह पटेल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया श्री पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि गोगरी की धरती पूर्व से ही ऐतिहासिक रही है गोगरी के विकास के लिए समर्पित हूं और जब तक जीवन रहेगा तब तक समर्पित




रहूंगा उन्होंने आगे कहा कि देश आजादी के बाद बिहार में हुए प्रथम विधानसभा चुनाव में भी गोगरी विधानसभा क्षेत्र था बाद में परबत्ता विधानसभा क्षेत्र बना मंच के संरक्षक डॉ०प्रियवर्त सिंह ने कहा कि गोगरी के 33वां स्थापना दिवस के अवसर पर गोगरी विधानसभा क्षेत्र बने इसके लिए संघर्ष करने के लिए आवाहन किया साथ ही साथ गोगरी विधानसभा क्षेत्र में हरिणमार एवं झौआ बहियार पंचायत को जोड़ने एवं खगड़िया जिला में मिलने के लिए संकल्प दोहराया। श्री सिंह ने गोगरी अनुमंडल की जनता से संकल्पित होकर इस मुहीम में जुड़ने के लिए कहा।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मंच के कोषाध्यक्ष नरेश कुमार यादव, सचिव रामविलास सिंह निषाद,राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी रविश अन्ना, गोगरी नगर परिषद के उपाध्यक्ष राजेश पंडित,भाजपा नेता विनोद झा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मायाराम मंडल, संजय भगत, मनोज साह अनिल पोद्दार, उचित सिंह अधिवक्ता, त्रिभुवन सिंह ,होली सिंह, नरेश कुमार निषाद मधु शर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में गोगरी अनुमंडल की जन मानस उपस्थित हुए।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में योग्य खिलाड़ियों का अद्वितीय प्रदर्शन,मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**तिलौथू, रोहतास,18 मई (तरूणमित्र)** ।बिहार के गौरवपूर्ण इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। ₹खेलो इंडिया यूथ गेम्स₹ में योगासना स्पर्धा के तहत तिलौथू, रोहतास की टीम ने कोच सावली सिन्हा के कुशल नेतृत्व में अद्भुत प्रदर्शन किया।

भले ही टीम को पदक न मिला हो, लेकिन उनके योग कौशल, अनुशासन और समर्पण ने पूरे प्रदेश का मान गर्व से ऊँचा कर दिया ।विशेष गौरव की बात यह रही कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने स्वयं अमलतास निकेतन, तिलौथू की छात्रा झ्र कक्षा 5 में अध्ययनरत सावली कुमारी, पिता श्री सत्येंद्र कुमार झ्र से भेंट कर उसे आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री की यह आत्मीय पहल न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने वाली रही, बल्कि यह भी दशार्ता है कि बिहार सरकार योग और पारंपरिक खेलों को कितनी गंभीरता से प्रोत्साहित कर रही है ।इस प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया है कि तिलौथू जैसे ग्रामीण क्षेत्र से भी प्रतिभाएं राष्ट्रीय मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकती हैं, बशर्ते उन्हें सही दिशा और प्रशिक्षण मिले। यह सफलता उन सभी युवाओं के लिए एक प्रेरणा है जो योग, खेल और आत्मविकास की राह पर अग्रसर हैं ।प्रदेश की इस उपलब्धि पर कोच सावली सिन्हा समेत समस्त टीम और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई। राज्य में योग और खेलों के उज्ज्वल भविष्य के लिए यह क्षण मील का पत्थर साबित होगा।

## नगर थाना के तहत फायरिंग मामले में 24 घंटे के अंदर पांच गिरफ्तार



**गोपालगंज,18 मई (तरूणमित्र)।** गोपालगंज नगर थानान्तर्गत बीते 15 मई को कमरे आजम उर्फ सोनू पिता कमरूल होदा साकिन फाजिल टोला थाना बडहरिया जिला सिवान पर नगर थाना वार्ड नं-22 के पास किसी अज्ञात मोटरसाइकिल सवार अपराधियों द्वारा फायरिंग कु गयी थी. इस मामले में नगर थाना कांड 365/25 दर्ज किया गया।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर प्रांजल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया. कांड के अनुसंधान के क्रम में मानवीय एवं तकनीकी सूचना के आधार पर गठित टीम द्वारा कांड में त्वरित कार्रवाई करते हुए चौबीस घंटे के अन्दर घटना में संलिप्त गुड्डा उर्फ राजिक हसन को हिरासत में लिया गया एवं पूछताछ के क्रम में इनके द्वारा बताया गया कि गोली उनके द्वारा कमरे आजम उर्फ सोनू पर चलायी गयी थी. जिसकी सुपारी उसने और मुराद आलम ने ली थी. गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर मुराद आलम पिता मुरैन मियां साकिन भोजपुरवा थाना मांझागढ़ को कांड में प्रयुक्त देशी कट्टा एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया. कांड का लाइनर अनुज पाण्डेय एवं समीम मियां तथा इनके अन्य सहयोगी गुलाब हुसैन पिता स्व. बादशाह मियां साकिन भोजपुरवा थाना मांझागढ जिला गोपालगंज को गिरफ्तार किया गया एवं साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है.घटना का मुख्य कारणः कमरे आजम उर्फ सोनू के भाई राजू के बीच पूर्व से जमीनी विवाद था. राजू द्वारा अपने भाई कमरे आजम उर्फ सोनू को जान से मारने के लिए समीम आलम को सुपारी दी गई थी. इस मामले को लेकर पूर्व में भी सिवान में जमीन विवाद से संबंधित कांड दर्ज है. गिरफ्तार अभियुक्तों में गुड्डा उर्फ राजिक हसन पिता असरफ अली साकिन प्रतापपुर थाना मांझागढ़ , समीम आलम पिता हसन इमाम, साकिन भोजपुरवा, थाना मांझागढ़, जिला गोपालगंज एवं मुराद अली पिता नुरैन मियां, साकिन भोजपुरवा, थाना मांझागढ़, जिला गोपालगंज तथा गुलाब हुसैन पिता स्व. बादशाह मियां, साकिन भोजपुरवा, थाना मांझागढ़, जिला गोपालगंज और अनुज पाण्डेय पिता श्रीराम पाण्डेय, साकिन उदन्तराय के बगरा थाना थावे, जिला गोपालगंज शामिल हैं।

## काराकाट में प्रधानमंत्री के आगमन से ऐतिहासिक विकास का होगा नया सवेरा : दिलीप

**बिक्रमगंज (रोहतास),18 मई (तरूणमित्र)।** काराकाट विधानसभा क्षेत्र के बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र के दुगार्डीह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर तैयारियां जोरों पर है।जिसके आयोजन को लेकर रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार जयसवाल दुगार्डीह गांव पहुंच कार्यक्रम के लिए चयनित सभास्थल का निरीक्षण करते हुए तैयारियों पर विशेष चर्चा की। दूसरी तरफ मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष का बिक्रमगंज के दुगार्डीह में आगमन को होते ही भाजपा नेता मनीष रंजन के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं ने भारत माता की जयघोष के साथ हाथों में प्रदेश अध्यक्ष का तख्ती लिए उन्हें फूल-माला पहना अंगवस्त्र भेंट कर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। जहां उक्त अवसर पर सभागार में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विशिष्ट अतिथियों के दीप प्रज्वलित कर कार्यकताओं का अभिनंदन करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। दूसरी तरफ विशिष्ट अतिथियों में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह व भाजपा रोहतास जिलाध्यक्ष संतोष पटेल, प्रदेश संगठन महामंत्री भिखु भाई दिलसानिया, बिहार सरकार मंत्री संजय सरावगी,संतोष सिंह, केदार गुप्ता, विधान परिषद सदस्य निवेदिता सिंह, एमएलसी जीवन कुमार का भी कार्यकताओं ने जोरदार अभिनंदन किया। मौके पर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए अध्यक्ष दिलीप कुमार जसवाल ने कहा कि 30 मई को काराकाट विधानसभा क्षेत्र में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन एक ऐतिहासिक युग का नया सवेरा है।

# एस ड्राइव चलाकर चार पियक्कड़ एक शराब कारोबारी व तीन पुराने कांड के आभियुक्त को धर दबोचा

**सुगौली, पू.च,18 मई (तरूणमित्र)।** स्थानीय थाना की पुलिस ने एस ड्राइव चलाकर चार पियक्कड़ सहित एक शराब कारोबारी व तीन पुराने कांड के आभियुक्त को धर दबोचा। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के धन्ही रेलवे पुल के समीप बगीचे में चार पियक्कड़ है। चारों को वहीं से धर-दबोचा गया। पियक्कड़ों में रुपलाल सहनी,रमेश सहनी,राजु सहनी और पवन कुमार को पकड़ा गया। साथ ही एक कारोबारी नायक टोला रेलवे




कौलनी से पन्द्रह लीटर देशी शराब के साथ अमीर खां टोला वार्ड 12 निवासी भिखारी मियां का पुत्र मोहम्मद सगीर मियां को बेचने के क्रम में पुलिस ने छापेमारी कर धर-दबोचा। इस बाबत थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि चार पियक्कड़ व एक शराब कारोबारी व पूर्व कांड के अभियुक्त गोढगाँवा निवासी मुन्ना सहनी .मुसवा भेडियरवा निवासी विकेश कुमार सहनी.साथ ही करमवा निवासी मोहन साह को गिरफ्तार किया गया . कुल आठ लोगों पर कानूनी कागजी प्रक्रिया पुरी कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि एस ड्राइव अभियान के तहत थाना क्षेत्र में लगातार शराब कारोबारियों,वारंटी एवं अन्य अपराधी गतिविधियों में शामिल लोगों की छापेमारी चल रही है।

# नगर की बद्हाल व्यवस्था को लेकर नगर विकास मंच की बैठक, कोर टीम ने उठाए गंभीर सवाल

**मेहसी/मोतिहारी,18 मई (तरूणमित्र)।** नगर पंचायत मेहसी की बदहाल स्थिति, अव्यवस्थाओं और मूलभूत नागरिक सुविधाओं के अभाव को लेकर नगर विकास मंच की कोर टीम की एक महत्वपूर्ण बैठक सामाजिक कार्यकर्ता जेपी सेनानी अमर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य नगर पंचायत क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं पर चर्चा कर उसके समाधान हेतु सामूहिक जनदबाव बनाना था।

जनप्रतिनिधियों और उम्मीदवारों पर उठे सवाल बैठक की अध्यक्षता करते हुए अमर ने कहा कि नगर पंचायत चुनाव का माहौल बन चुका है और कई इच्छुक उम्मीदवार मैदान में उतरने को तैयार दिख रहे हैं। लेकिन चिंताजनक यह है कि इनमें से कोई भी उम्मीदवार अब तक यह स्पष्ट नहीं कर पाया है कि यदि उन्हें मौका मिला तो वे नगर क्षेत्र के विकास के लिए क्या ठोस योजनाएं लेकर आएंगे। उन्होंने कहा, नगर की मौजूदा समस्याओं पर न तो कोई खुलकर बात कर रहा है और न ही समाधान का खाका पेश कर रहा है, जो बेहद चिंताजनक है।

सड़कों की बदहाली पर गहराई से चर्चा कोर टीम के सदस्य हामिद रजा ने कहा कि मार्च 2025 में बिहार सरकार द्वारा जिले के 20 प्रखंडों में 457 सड़कों के निर्माण और मजबूतीकरण की स्वीकृति दी गई थी, जिसमें मेहसी की लगभग 21-23 सड़कों को शामिल किया गया। लेकिन मई तक भी कार्य प्रारंभ नहीं होना लापरवाही को दशार्ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब-जब जनता सवाल पूछती है, कोई 'शगुफा' छोड़ कर लोगों का ध्यान भटकाया जाता है। विकास कार्यों में केवल दिखावा राकेश कुमार श्रीवास्तव, अध्यक्ष, नगर विकास मंच ने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि केवल सोशल मीडिया पर विभागीय पत्र डाल कर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं, जबकि धरातल पर कोई कार्य नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि मेहसी की मुख्य सड़क वर्षों से जर्जर अवस्था में है और इसके प्रति कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही।

स्वच्छता और कचरा प्रबंधन में भारी लापरवाही

मनोज मेहसवी ने नगर में सफाई व्यवस्था की बुरी हालत की ओर इशारा करते हुए कहा कि पिछले 15 दिनों से नगर के अधिकतर वार्डों में कचरे के ढेर लगे हुए हैं। कभी-कभार सफाई का दिखावा होता है, पर स्थायी व्यवस्था नहीं बन पाई है।

आनंद प्रकाश सिंह ने आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए नालियों की सफाई, मरम्मत, और खुले नालों पर स्लैब लगाने की मांग की, जिससे जलजमाव और बीमारियों से बचाव किया जा सके।

## पुछरिया के समीप गण्डक नदी में सोल कटिंग कार्य पूर्ण

**संग्रामपुर ,18 मई (तरूणमित्र)।** बाढ़ व कटाव से बचाने के लिए पुछरिया के समीप गण्डक नदी में सोल कटिंग कार्य लग्भग पूर्ण होता दिख रहा है । नदी की धारा गांव से विपरीत दिशा में हो होकर गुजरे ताकि बाढ़ के समय पुछरिया गांव के समीप कटाव नही हो सके । बाढ़ नियंत्रक विभाग के द्वारा दो किमी लंबी व 50 मीटर औसतन चौडा में सोल कटिंग कार्य किया गया है। विदित हो कि विगत वर्ष गण्डक नदी में बाढ़ व तेज कटाव से भारी नुकसान का सामना ग्रामीणों को करना पडा था ।ग्रामीणों की समस्या व पुछरिया गांव के लग्भग दस हजार की आबादी प्रभावित नहीं हो व बाढ़ के विभीषिका के समय नदी की धार गांव के तरफ से न होकर विपरीत दिशा से गुजरे ताकि नदी का कटाव गांव के तरफ नही कर सके। ।जिसको लेकर सरकार के निर्णय के अलोक में सोल कटिंग कार्य कराया गया। पुछरिया गांव के ग्रामीण अप्पू कुमार सिंह, गुड्डू सिंह, मुनिलाल यादव आदि ने बताया कि अब उम्मीद है कि बाढ़ के समय नदी का कटवा गांव के तरफ नही होगा ।

## मंत्री श्रवण कुमार का हुआ भव्य स्वागत,ग्रामीणों ने सौंपा मांग पत्र



**सुपौल,18 मई (तरूणमित्र)।** सुपौल सदर प्रखंड अंतर्गत हरदी पूरब पंचायत के आगमन पर स्थानीय महादलित परिवार सहित लोरिक विचार मंच के पदाधिकारी व कार्यकताओं द्वारा शुक्रवार को बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र एवं मोमेंटो से लोरिक विचार मंच के प्रदेश संयोजक डॉ. अमन कुमार के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्थानीय भ्रष्टाचार एवं जन समस्याओं के निराकरण हेतु मांग पत्र समर्पित किए। मांग पत्र में कहा गया कि सुपौल सदर प्रखंड अन्तर्गत हरदी पूरब पंचायत में सुपौल सिंहेश्वर स्टेट हाईवे रोड के तिलावे पूल के पूरब भाग से ग्रामीण सड़क निकलकर वार्ड नंबर 8 एवं 7 के बीचोबीच होते हुए भागवत चौक गम्हरिया तक जाती है। उक्त सड़क सुपौल सदर प्रखंड के हरदी पूरब पंचायत के चौघारा ग्राम में तकरीबन 4 किलोमीटर है। जिसमें मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना कार्यक्रम अन्तर्गत तिलावे पूल के पूरब भाग से तकरीबन 2 किलोमीटर बना दिया गया है। वहीं शंभू स्वर्णकार के घर से लेकर गम्हरिया सीमा तक रोड का निर्माण नहीं हुआ है। जिसके कारण दो दशक पूर्व बने सॉलिंग पर चलना जानलेवा साबित हो रहा है। जनहित में रोड का निर्माण होना अत्यंत आवश्यक है। यह सड़क चौघारा गाँव का मुख्य सड़क है। हरदी पूरब पंचायत के वार्ड नं० 01 के भरना मुसहरी एवं वार्ड नंबर 05 के महादलित टोला विगत 50 वर्षों से अधिक समय से बसा हुआ है। फिर भी आज तक सड़क से वंचित है। जिसके कारण बीमारी, प्रसव हालात में टोला से अस्पताल ले जाने के लिए 500 मीटर कंधे या खटिया पर मरीज को उठाके ले जाना पड़ता है। जान जोखिम में डालकर खासकर बरसात के समय में पैदल चलकर सड़क तक आने के लिए मजबूर है। बरसात के समय में बच्चों का पठन-पाठन पूर्णरूपेण बाधित रहता है। तकरीबन 300 से अधिक महादलित परिवार भूमिहीन है। जिसके कारण आजाद भारत में नारकीय जीवन व्यतीत करने के लिए मजबूर है। जबकि पंचायत में सरकारी जमीन उपलब्ध है। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी सूची में नाम जोड़ने के एवज में प्रत्येक परिवार से एक हजार से दस हजार रूपया तक घूस हरदी पूरब पंचायत के मुखिया दिपीका सरकार के द्वारा लिया गया है। आम जनता की खून और पसीना से अर्जित राशि से तकरीबन 45 लाख आवास योजना के नाम पर मुखिया जी के द्वारा वसूल किया गया है। फिर प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी एवं जिला प्रशासन के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठायी गई है। इससे पहले भी कई बार जिला प्रशासन को आवेदन दिया गया है। कार्यक्रम में सुधीर यादव, कालानंद सादा, शंभू यादव, फुलेंद्र यादव, कृष्ण कुमार, मोहन सादा, जयप्रकाश यादव,चन्देश्वरी सादा,शशि मंडल, नरेश राम,सत्यनारायण यादव, संजय यादव, मनीष कुमार, निखिल कुमार,सुशीला देवी, छोटेलाल सादा,राधिया देवी,फूलमेन देवी आदि उपस्थित थे।

# बगैर कृति का मनुष्य जिन्दा रहकर भी होता है मुर्दा के समान

**पत्रकार नगर, खगड़िया,18 मई (तरूणमित्र)।** आज दिनांक 16 मई 2025 दिन गुरुवार को बेगूसराय जिलान्तर्गत सदर बेगूसराय प्रखण्ड के खम्हार पंचायत निवासी कबीर पंथी मोदन पासवान का श्रद्धांजली कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता मनोज सिंह ने किया। मुख्य अतिथि विश्व कबीर रविदास विचार मंच के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डा. राजकुमार आजाद ने संबोधित करते हुए कहा कि जिसकी कृति जब तक जिन्दा रहता है मरकर भी अमर रहता है।

बगैर कृति का मनुष्य जिन्दा रहकर भी मुर्दा के समान होता है। मुख्य वक्ता महिला अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डा० पूनम आजाद ने अपने भजन ₹ बेटा ले हम चोरी करलौं बेटी ले बेईमानी स्वामी जी ले डाका डाल लौं, कोय नै दै छै काम, असगर देहिया जायछै सिमरिया धाम ₹



गाकर अध्यात्मिक माहौल उत्पन्न कर दिया। विशिष्ट अतिथिगण महंथ राम प्रताप दास, महंथ पासो दास, साध्वी शोभा दासिन आदि संतो महंथों ने भजन और प्रवचन दिये। स्व० मोदन पासवान के तीनों सुपुत्रों चन्द्र शेखर पासवान, सुखदेव पासवान, रामचंद्र पासवान ने सपरिवार ने सभी अतिथियों को पुष्पो की माला पहनाकर तथा चादर ओढ़ाकर सम्मानित किया। आरगन पर श्रवण कुमार, पैड पर दीप कमल, नाल पर मोरध्वज, तबला पर सौरभ आदि कलाकारों ने संगत किया।

## वरीय राजद नेता सुरेश यादव के निधन से चंपारण में शोक की लहर

**मोतिहारी, 18 मई (तरूणमित्र)।** राजद के प्रदेश महासचिव व जिला राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव के असामयिक निधन से राजद महा परिवार में शोक की लहर है। अपनी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव के असामयिक निधन पर पूर्वी चंपारण के राजद जिलाध्यक्ष व कल्याणपुर के विधायक मनोज कुमार यादव ने गहरी संवेदना जताई है। रविवार को एक शोक संदेश जारी कर राजद जिलाध्यक्ष सह विधायक ने कहा कि हमारे गार्जियन अब नहीं रहे। मेरे ससुर जी और अभिभावक, पूर्व जिला अध्यक्ष, राजद सुरेश प्रसाद यादव जी का असमय जाना मेरे और मेरे परिवार सहित बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के लिए एक बहुत ही पीड़ादायक क्षण है। विधायक ने कहा कि मैंने हमेशा सुसर जी को अपना आदर्श माना और उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने की कोशिश की दुख इस बात है कि वे अचानक ही हम सभी को छोड़ कर चले गए, उनका मार्गदर्शन और प्रेम सदा मुझे मिलता रहा है। राजद जिलाध्यक्ष ने नम आंखों से अपने वरीय नेता को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आप बहुत याद आएंगे आपकी कमी कभी पुरी नहीं हो पाएगी। विधायक श्री यादव ने कहा कि आदरणीय नेता पूरे चंपारण वासियों को रुलाकर असमय चले गये। इससे पहले वरीय राजद नेता के निधन की खबर मिलते ही विधायक श्री यादव पार्टी कार्यकताओं के साथ स्वर्गीय सुरेश प्रसाद यादव के आवास पर पहुंचे और जिला राजद की ओर से उनके पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा एवं पुष्पचक्र समर्पित किया।

# पुलिस ने विदेशी शराब से भरा एक 18 चक्का ट्रक जब्त किया

**मेहसी,18 मई (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के नेतृत्व में चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत मोतिहारी पुलिस को शराब माफियाओं के खिलाफ एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। मेहसी थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने 999 लीटर विदेशी शराब से भरा एक 18 चक्का ट्रक जब्त किया है, साथ ही ट्रक के चालक और खलासी को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस जब्ती ने जिले में अवैध शराब के कारोबार की कमर तोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मेहसी थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एनएच-27 से भारी मात्रा में शराब की खेप गुजरने वाली है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नाकेबंदी की और संदिग्ध वाहनों की तलाशी शुरू कर दी। इसी दौरान, पुलिस ने एक 18 चक्का ट्रक (नंबर PB11CL7970) को रोककर जब उसकी तलाशी ली, तो ट्रक के अंदर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई। तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया और मौके से ही चालक हरप्रीत सिंह (मोगा जिला, पंजाब) और खलासी गुरप्रीत सिंह (फतेहगढ़, पंजाब) को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला हैं, कि यह शराब पंजाब से लाई जा रही थी और इसे बिहार के विभिन्न हिस्सों में खपाने की योजना थी।

इस बड़ी सफलता पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह कार्रवाई




अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ पुलिस की दृढ़ इच्छाशक्ति और सक्रियता क है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए चालक और से गहन पूछताछ की जा रही है, जिससे इस अवैध शराब

खपाने की योजना थी।

इस बड़ी सफलता पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह कार्रवाई अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ पुलिस की दृढ़ इच्छाशक्ति और सक्रियता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए चालक और खलासी से गहन पूछताछ की जा रही है, जिससे इस अवैध शराब नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में अवैध शराब के कारोबार को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है और इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे ।स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस सराहनीय कार्रवाई की जमकर प्रशंसा की है। उनका मानना है कि इस जब्ती से क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगेगा और इससे शांति व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

पुलिस अब इस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई हैं। और शराब के इस अवैध कारोबार में शामिल माफिया की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शराब मंगवाने वाले माफिया की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यह कार्रवाई निश्चित रूप से मोतिहारी जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ एक महत्वपूर्ण और निर्णायक कदम साबित होगी।

# शाहाबाद की धरती पर बिहार के सभी रैलियों का टूटेगा रिकॉर्ड- संजय

**सासाराम, 18 मई (तरूणमित्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 30 मई को रोहतास जिले के बिक्रमगंज आ रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री की यह पहली बिहार यात्रा है, जिसे आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। साथ हीं प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां तेज कर दी गई है और सरकारी कार्यक्रम को देखते हुए अधिकारियों एवं बड़े-बड़े नेताओं का लगातार आना-जाना भी शुरू हो गया है।

बिक्रमगंज में कार्यक्रम की तैयारियों का रविवार को निरीक्षण करने बिहार सरकार के मंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी संजय सरावगी एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल पहुंचे। इस दौरान दोनों नेताओं ने जिले के वरीय



अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को कई दिशा निर्देश जारी किए। कार्यक्रम स्थल पर मंच निर्माण से लेकर दर्शक दीर्घा, बैरिकेडिंग, पार्किंग, डी एरिया, वीआइपी एरिया, पेयजल, शौचालय, हेलीपैड, एंट्री पॉइंट, एग्जिट प्वाइंट सहित तमाम बिंदुओं पर मैप के माध्यम से चर्चा की गई ताकि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में कहीं से भी कोई चूक ना हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम की तैयारियों में कोई कमी ना रखें और यह सुनिश्चित करें कि कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हो।दरभंगा, भागलपुर एवं मधुबनी का शाहाबाद में टूटेगा रिकॉर्ड-संजय सरावगी। बिहार सरकार के मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री पहली बार बिहार आ रहे हैं। जिस तरह हमारे जांबाज सिपाहियों ने पाकिस्तान के 100 किलोमीटर अंदर जाकर आतंकवादी ठिकानों को तबाह किया है उसे देखते हुए निश्चित रूप से शाहाबाद के लिए यह काफी बड़ा दिन होगा। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री आते हैं तो सारे रिकॉर्ड टूट जाते हैं। दरभंगा का रिकॉर्ड भागलपुर में, भागलपुर का रिकॉर्ड मधुबनी में और मधुबनी का रिकॉर्ड इस बार शाहाबाद में टूटेगा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अधिकारियों एवं नेताओं के साथ समीक्षा हुई है और आगे भी लगातार समीक्षा होती रहेगी। आज एक छोटी सी बैठक की गई, जिसमें हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कार्यकताओं में कितना उत्साह है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री को सुनने के लिए लोग उत्साहित हैं और अब तक की सभी रैलियों का रिकॉर्ड शाहाबाद में टूटेगा।वहीं प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के लिए बिक्रमगंज आए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि शाहबाद की इस धरती पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में कुल 6 जिलों से लोग शामिल होंगे।

# बूथ सशक्तिकरण का अभियान चलाएगी भाजपा

**गोपालगंज, 18 मई (तरूणमित्र)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक जिला कार्यालय परिसर में जिलाध्यक्ष संदीप गिरि की अध्यक्षता में संपन्न हुई. जिलाध्यक्ष बनने के बाद कार्य समिति की पहली बैठक थी. बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं क्षेत्रीय प्रभारी संतोष रंजन राय ने संगठन की आगामी कार्य योजना के बारे में बताया.उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर संगठन को मजबूत करने के लिए भाजपा बूथ सशक्तिकरण अभियान चला रही है. जिसमें बूथों के गठन एवं विभिन्न कार्यक्रमों के लिए प्रभारियों को बनाया जाएगा।

उन्होंने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सेना को एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व को जिला कार्यसमिति के माध्यम से धन्यवाद ज्ञापित किया गया. जिलाध्यक्ष संदीप गिरि ने जातीय जनगणना कराने के निर्णय के लिए प्रधान मंत्री को साधुवाद किया. सभी कार्यकताओं ने ताली बजाकर ऐतिहासिक निर्णय का




स्वागत किया.। जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं का आह्वान किया गया कि समयबद्ध चरण में संगठनात्मक कार्यों को पूरा किया जाय. कार्यसमिति की बैठक में मुख्य रूप से सदर विधायक कुसुम देवी भाजपा के प्रदेश मंत्री और सारण के क्षेत्रीय प्रभारी संतोष रंजन राय पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार ,अनूप कुमार श्रीवास्तव हरिनारायण सिंह , उमेश प्रधान, अमरेश राय, शिवकुमार उपाध्याय, राजू चौबे, प्रशांत कुमार राय, दीपक दीपू, दुर्गा राय, चितलाल प्रसाद, अरविंद महतो, पुष्पा देवी, शिला मिश्रा, मालती डूबे, नागमणि कुशवाहा, जितेंद्र शर्मा, उदयभान मिश्रा, चंद्रेश सिंह, चंदन तिवारी, रमेश मांझी, शंभूनाथ तिवारी, रजत राय सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वनस्पति विज्ञान की प्रवक्ता बनी , चंदा ने रचा इतिहास

**गोपालगंज, 18 मई (तरूणमित्र)।** गोपालगंज जिले के विजयीपुर प्रखंड के नवतन पंचायत अंतर्गत बिलरूआ गांव की रहने वाली चंदा यादव ने अपनी मेहनत और लगन से एक नई उपलब्धि हासिल की है. बीपीएससी द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा ळफ्ए 3 के तहत वनस्पति विज्ञान की प्रवक्ता पद पर उनका चयन हुआ है. उन्होंने उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय सिवान में शिक्षक पद पर योगदान किया है। चंदा यादव वनस्पति विज्ञान में ट.रू और इ.एर्,ट.एर् की डिग्री धारक हैं. उनकी इस उपलब्धि ने क्षेत्र और प्रखंड का नाम रोशन किया है। चंदा यादव के पति डॉ. प्रमोद कुमार यादव पीएमसीएच में चिकित्सक हैं और ससुर डॉ. रामबचन यादव ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है. इसके अलावा,पूर्व शिक्षक गोरखपुर यादव, प्रदीप यादव एसएसबी कमांडो,एवं आरटीआई एक्टिविस्ट सुरेश चंद्र पांडेय,आचार्य मंजेश पांडेय,आचार्य हेमंत धर द्विवेदी, पत्रकार शंकर ,पत्रकार आनंद मिश्र ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी। चंदा यादव की इस कामयाबी ने बिलरूआ गांव को एक पहचान दिलाई है. उनकी इस उपलब्धि से गांव के युवाओं में एक नई उम्मीद जगी है।

# इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दलों के जिला अध्यक्षों और जिला सचिवों की बैठक आयोजित



**गोपालगंज, 18 मई (तरूणमित्र)।** राजद के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह इंडिया गठबंधन के जिला संयोजक होंगे. कमिटि में संयोजक के अलावा 11 सदस्य भी होंगे. उक्त निर्णय रविवार को आयोजित इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दलों के जिला अध्यक्षों और जिला सचिवों की आयोजित बैठक में ली गई।

जिला स्तर पर बनाई गई बारह सदस्यीय कमिटि में इंडिया गठबंधन में शामिल सभी छह दलों के दो-दो सदस्यों को शामिल किया गया है. उक्त कमिटि में राजद से प्रधान महासचिव इम्तेयाज अली भुट्टो, कांग्रेस से जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश गर्ग तथा दिनेश कुमार मांझी, भाकपा माले से जिला सचिव इंद्रजीत चौरासिया एवं सुभाष सिंह, सी.पी.एम. से जिला सचिव सचितानंद ठाकुर एवं मुन्ना प्रसाद ,सीपीआई से जिला सचिव गणेश प्रसाद सिंह एवं मैनेजर सिंह तथा वीआईपी से जिला अध्यक्ष रमेश साहनी एवं विनोद साहनी सदस्य होंगे। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार प्रखंड स्तर तथा बूथस्तर पर भी इंडिया गठबंधन के बारह सदस्यीय समन्वय समिति का गठन किया जाएगा. जिसमे सभी दलों के दो-दो सदस्य शामिल होंगे. इंडिया गठबंधन के नेताओं ने बताया कि आगामी 28 मई को गठबंधन का संवाद कार्यक्रम शहर में आयोजित किया जाएगा।

# ऑपरेशन सिन्दूर की कामयाबी के बाद सेना के जवानों के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा

**गोपालगंज, 18 मई (तरूणमित्र)।** ऑपरेशन सिंदूर की सफल होने के उपलक्ष्य में गोपालगंज में तिरंगा यात्रा निकाली गई. इस तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा भारतीय सेना के जवानों के सम्मान में नारे लगाए। गोपालगंज मिन्ज स्टेडियम से तिरंगा यात्रा की शुरूआत की गई तथा प्रमुख चौक चौराहे से होकर तिरंगा यात्रा गुजरी. सेना के जवानों के सम्मान में निकाली गई इस तिरंगा यात्रा में सभी के हाथों में तिरंगा झंडा था तथा लोग पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगा रहे थे।

तिरंगा यात्रा में सांसद अलोक कुमार सुमन, सदर विधायक कुसुम देवी, एमएलसी




राजीव कुमार, भाजपा एवं जदयू जिलाध्यक्ष क्रमशः संदीप कुमार गिरि और आदित्य शंकर शाही, प्रकाश लाल श्रीवास्तव, आनंद बिहारी श्रीवास्तव समेत सैकड़ों नेता एवं बड़ी संख्या में आम लोग भी शामिल हुए. गोपालगंज शहर के मिंज स्टेडियम से निकाली गयी तिरंगा यात्रा पूरे शहर के चौक चौराहे से होकर गुजरी . सांसद डॉ. आलोक कुमार सुमन ने कहा कि देश की जनता और सेना के मनोबल को ऊंचा रखने के लिए देशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।

## पुलिस के दुर्व्यवहार की बात डीजीपी बिहार के पास पहुंची, रिपोर्ट तलब

**गोपालगंज, 18 मई (तरूणमित्र)।** पुलिस पब्लिक रिलेशन की बातें अब सैद्धांतिक रह गयी हैं. आए दिन पुलिस का पब्लिक के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतें सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रही हैं. ऐसा हीं एक मामला गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थानाक्षेत्र से आया है, जहां पीड़ित ने पहले तो पुलिस अधीक्षक से शिकायत की और जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो डीजीपी बिहार से मिलकर शिकायती परिवाद दायर किया है. बैकुंठपुर थानाक्षेत्र के कतालपुर गांव निवासी मसूद अनवर ने शिकायती परिवाद 17 दिसम्बर 2024 को दर्ज कराया है जिसमें बैकुंठपुर थाने में पदस्थापित अवर पुलिस पदाधिकारी अशरफ हुसैन पर आरोप लगाया है कि 20 जुलाई 2024 को फोन कर थाना पर बुलाये थे. उनके बुलाने पर अपने बेटे जुनैद अनवर,भतीजा महमद रैयान के साथ थाने पर गये थे. वहां जाने पर पुलिस पदाधिकारी अशरफ हुसैन द्वारा गालियां दीं गईं और केस में फंसाने की धमकी दी गयी. पुलिस पदाधिकारी किसी पक्ष से होकर ऐसा दुर्व्यवहार किए. पुलिस महानिदेशक बिहार ने इस मामले मामले में पुलिस अधीक्षक गोपालगंज से रिपोर्ट तलब किया है।

## ट्रेनिंग के नाम पर गैर एमबीबीएस के हवाले बैकुंठपुर सरकारी अस्पताल के मरीज

**बैकुंठपुर (गोपालगंज), 18 मई (तरूणमित्र)।** बैकुंठपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित एमबीबीएस चिकित्सकों की अब कोई जिम्मेदारी नहीं रही क्योंकि अब वे ओपीडी में बैठते नहीं. उनकी जगह गैर एमबीबीएस तथाकथित प्रशिक्षण के बहाने आये चिकित्सकों के हवाले मरीजों की दशा और दिशा तय करने के लिए सौंप दिया गया है. इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित एमबीबीएस चिकित्सक तो अपना अलग अलग निजी क्लीनिक चलाते हैं. कोई बसन्तपुर सीवान में अपना हास्पीटल चलाता है तो कोई छपरा में तो कोई बैकुंठपुर में हीं अपना प्राइवेट हॉस्पिटल चला रहा है. मजे की बात तो यह है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कौन कौन प्रशिक्षु गैर एमबीबीएस चिकित्सक आया है,इसकी सूची भी न तो सिविल सर्जन गोपालगंज और न हीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैकुंठपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने सार्वजनिक रूप से जारी किया है. प्रशिक्षु चिकित्सक के नाम पर ये कौन लोग हैं किसी मरीज को पता नहीं होता. मरीजों को ऐसे अनजान प्रशिक्षु गैर एमबीबीएस तथाकथित चिकित्सकों के हवाले किसने किया,यह भी किसी को पता नहीं. इससे स्वास्थ्य सेवा चरमरा रही है. इस मुद्दे पर न तो सिविल सर्जन और न हीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अपना मुंह खोलते हैं. सिविल सर्जन कहते हैं आवेदन दीजिए तो जांच होगी पर वे स्वयं इस गंभीर मसले पर संज्ञान लेना मुनासिब नहीं समझते।

## सोन नदी में डूबे बाप बेटा का शव हुआ बरामद

**नौहट्टा/रोहतास , 18 मई (तरूणमित्र)।** थाना क्षेत्र के उल्ली ज्ञान घाट के समीप नवारा सोन नदी में रविवार को अंतिम संस्कार के दौरान बाप बेटा सहित एक युवक सोन नदी में डूब गया था। जहां स्थानीय गोताखोर के सहयोग से रविवार को ही रितेश शर्मा का शव बरामद किया गया था। तो वही सोमवार को झारखंड प्रांत के देवरी सोन घाट के आसपास बाप बेटे का शव बरामद हुआ है। जानकारी हो कि रविवार को स्थानीय गोताखोर ने काफी मेहनत किया लेकिन बाप बेटा का शव सोन नदी में नहीं मिल पाया था। सोमवार को एस डी आर एफ की टीम ने आकर पानी के धार के अनुरूप खोज बिन किया। तो झारखंड के जपला थाना अंतर्गत देवरी के आस पास सोन नदी से दोनों शव बरामद किया गया। दोनों शवों की शिनाख्त नागेश्वर शर्मा तथा उसके पुत्र रंजन शर्मा की रूप में किया गया। अंचलाधिकारी हिंदुजा भारती श्री ने बताया कि पीड़ित परिवार को मुआवजे की प्रक्रिया कर स्वीकृत होने पर राशि दिलाई जाएगी।

## ज्वेलर्स की दुकान से लाखों का सामान चोरी

नोखा ( रोहतास) नोखा थाना क्षेत्र के मौडिहा गांव मोड़ के पास एक ज्वेलर्स की दुकान में लाखों रुपए की चोरी को लेकर के थाने में आवेदन दी गई है। थाने में आवेदन देते हुए मौडिहा गांव निवासी पारस सेठ ने कहा है कि मौडिहा गांव मोड़ के पास चांदनी फैशन ज्वेलर्स नाम की दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि लगभग 12:30 बजे दुकान का ताला काट करके चोरी कर ली रविवार की सुबह में देखा तो दुकान के ताला तोड़ करके उसमें रखे के सम्मान के चोरी कर ली गई है इनमें चांदी का पायल 2 किलो 500 ग्राम ,सोना 25 ग्राम नगद 15000 की चोरी करके अज्ञात चोर भाग निकले। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# जनसुराज पार्टी का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

**करगहर, 18 मई (तरूणमित्र)।** रोहतास जन सुराज पार्टी के संस्थापक एवं सूत्रधार प्रशांत किशोर के नेतृत्व में चल रहे अभियान ' सही लोग सही सोच , सामूहिक प्रयास 'को करगहर विधानसभा में सशक्त रूप से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से सान्वी मैरिज हाल में रविवार को कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का आयोजन युवा नेता सत्यम पांडेय ने किया। जहां मौके पर मौजूद सभी अतिथियों का सम्मान अंगवस्त्र व पुष्प हार से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा पासवान व संचालन संजय पांडेय ने किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जन सुराज की विचारधारा को पंचायत स्तर तक पहुँचाना , प्रखंड स्तरीय संगठन को



मजबूती देना व आने वाले विधानसभा चुनाव में जन सुराज पार्टी की जीत सुनिश्चित करने की रणनीति बनाने हेतु कार्यकर्ता संकल्पित हुए। कार्यक्रम में आयें रामगढ़ प्रभारी कृष्णा प्रताप सिंह ने कहा कि इस सरकार में भष्ट्राचार अफसरशाही चरम सीमा है। बिहार के लोग इस तानाशाह सरकार से त्रस्त है।

इस तानाशाह सरकार से जन सुराज पार्टी ही मुक्त करा सकती है। हमें प्रशांत किशोर के हाथों को मजबूत करना होगा।

वहीं जनसुराज पार्टी के प्रभारी विनायक जायसवाल ने सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें जन -जन तक प्रशांत किशोर के बातों को रखना होगा। जिससे पूरे शाहाबाद ही नहीं पूरे बिहार में जनसुराज पार्टी एक मिशाल कायम करेगा । उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि करगहर विधानसभा अंतर्गत करगहर प्रखंड में कार्यकताओं का सैलाब देखने को मिला। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि इस बार जनसुराज एक नई जोश व जज्बात के साथ अपना विजयी पताका फहराने में कामयाब होगी जिसमें आप सभी कार्यकताओं की सहभागिता सुनिश्चित होनी चाहिए।

## वार्ड पार्षद ने सहायक अभियंता पर आय से अधिक संपति होने लगाया आरोप

**रोहतास, 18 मई (तरूणमित्र)।** रोहतास नगर पंचायत के वार्ड पार्षद गुलाम सरवर ने नगर विकास एवं आवास विभाग पटना को पत्र लिख कर सहायक अभियंता कुलदीप गौरव के पास आय से ज्यादा संतप्ति एवम कार्य में अनियमितता बरते जाने पर जांच कि गुहार लगाई है। पार्षद ने पत्र में लिखा है कि इससे पूर्व सात मार्च 2025 को सहायक अभियंता के कार्य कलाप पर जांच करने कि गुहार नगर विकास एवं आवास विभाग को पत्र लिख कर किया था , मगर तीन माह बीत जाने के बाद भी कोई जांच नहीं हुई तो दुबारा पत्र लिखा और अब तक जो जांच नहीं हुई उसे लेकर कहा कि यह बात अत्यंत खेद जनक है। जानकारी हो कि वार्ड पार्षद ने पुर्व में भी शिकायत कि थी। बताया गया कि सहायक अभियंता ने निष्पादित कार्यों में काफी अनियमितता बरता है और अपने फायदा के लिए समस्त योजनाओं का जोड़ घटाओ कर तैयार किए गए प्राक्कलन के आलोक में विभागीय अभियंता सह अभिकर्ता बन कर अपने निजी आदमी को संवेदक बना कर सरकारी राशी का दुरुपयोग किया है और दूसरे संवेदकों को अनावश्यक हस्तक्षेप कर उन्हें प्रताड़ित किया है तथा आय से ज्यादा संतप्ति का आशंका जताया है साथ साथ अन्य नगर निकाय में भी निष्पक्ष जांच करने पर इनकी संलिप्तता पाई जा सकती है । वही मामले में सहायक अभियंता कुलदीप गौरव ने बताया कि बिकास कार्य को बाधित करने लिए इस तरह की आरोप हम पर लगाई जा रही है। इस तरह की सारे आरोप बेबुनियाद है।

# ऑपरेशन सिंदूर उपलब्धियां एवं चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**विक्रमगंज, 18 मई (तरूणमित्र)।** समाज से आए हुए लोगों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर और उसके उपलब्धियां पर प्रकाश डाला गया।वक्ताओं ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रकाश डाला गया तथा उन्होंने कहा कि एक बहुत ही सोची समझी रणनीति के तहत भारत को युद्ध में धकेलने का प्रयास किया गया चुनौतियां के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि आज हमारा देश ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व आतंकवाद जैसे त्रासदी से जूझ रहा है। आज हमारे देश के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती के रूप में पाकिस्तान खड़ा है। जिसको हमारे देश के सेना,सरकार और देशवासियों के साथ मिलकर के उचित जवाब दे रही है।

कहा कि भारतीय सेना दुश्मन के घर में घुसकर मार रही जिससे पाकिस्तान सहम गया है। हमारी भारतीय सेना ने पूरे विश्व में सभी भारतीयों की सर ऊंचा कर दिया है और आने वाले समय में भी आतंकवादियों को हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब देगी। जिससे कोई भी दुश्मन देश भारत की तरफ सिर उठाकर नहीं दिखेगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष अमरेंद्र मिश्रा के द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए ऑपरेशन सिंदूर और उपलब्धियां पर प्रकाश डाला गया उन्होंने कहा कि आज समाज एक सशक्त हाथों में देश की बागडोर दी है जो हर एक बिंदुओं पर बहुत ही गहराई से चिंतन मंथन करते हुए आगे बढ़ रही है।चाहे वह सिंधु जल समझौता हो, चाहे २400 के माध्यम से पाकिस्तान सेना को जवाब देना हो, इन सारे बिंदुओं पर हमारी सेना को खुली छूट मिली हुई है। कार्यक्रम कि संचालन अरुण कुमार जिला संयोजक प्रज्ञा प्रवाह के द्वारा किया गया तथा प्रज्ञा प्रवाह के प्रमुख आयाम के बारे में प्रकाश डाला गया और उन्होंने बताया कि प्रज्ञा प्रवाह एक ऐसी संगठन है जो बरसों से राष्ट्रहित के लिए कार्य कर रही है। राष्ट्र के उत्थान के लिए प्रज्ञा प्रवाह के द्वारा अपने समाज को ज्ञान के क्षेत्र में सशक्त करने में लगी हुई है।

इस कड़ी में युवा आयाम, प्रचार आयाम, महिला आयाम, शोध आयाम और विमर्श आयाम के रूप में कार्य कर रही है बिक्रमगंज में भी आने वाले समय में प्रज्ञा प्रवाह के कार्यक्रम होते रहेंगे जिसे अपना समाज बौद्धिक रूप से सशक्त होगा। कार्यक्रम के अंत में शांति पाठ करके




समाप्त किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत संगठन मंत्र से किया गया तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष अतिथियों को अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। संगोष्ठी में डॉ रविकांत पांडे व्याख्याता राजनीति विज्ञान, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर कन्हैया सिंह विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान अंजबीत सिंह महाविद्यालय तथा विशिष्ट अतिथि मदन प्रसाद वैश्य पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने अलग अलग वाहन जांच में 19 हजार रुपए का जुर्माना

**कोचस (रोहतास), 18 मई (तरूणमित्र)।** अपराध पर नियंत्रण पाने तथा हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाने के प्रति पुलिस वाहन जांच कर रही है, जहां पुलिस ने रविवार को वाहन चालकों के पास हेलमेट इंश्योरेंस ड्राइवरी लाइसेंस पॉल्यूशन के साथ अन्य जरूरी के कागजात साथ मे ना होने पर 10 बाइकों से दस हजार रुपए का जुमार्ना वसूला है। थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा ने बताइए की हो रही सड़क दुर्घटना एवं अपराध पर नियंत्रण पाने हेतु पुलिस सघन वाहन जांच चलाया। जिसमें चालकों के पास बाइक की जरूरी कागजात साथ ना होने पर पुलिस ने दश हजार रुपए का जुमार्ना वसूल छोड़ा है। वही परसथुआ पुलिस ने थाना क्षेत्र के सामने वाहन जांच लगाकर 9 हजार रुपए का जुमार्ना वाहन चालकों से वसूल है। थानाध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया कि पुलिस ने हो रही सड़क दुर्घटना को लेकर वाहन जांच चला रही है जिसमें चालको के पास जरूरी के कागजात साथ न होने पर 9 हजार रुपए का जुमार्ना वसूला है।सभी वाहन चालकों को हिदायत दिया गया कि जब भी घर से बाहर निकले तो वाहन की जरूरी कागजात साथ अवश्य लेकर निकले।

स्वत्याधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

# नाडा की डोपिंग निरोधक वर्कशॉप में इंटरपोल के प्रतिनिधि; सिनर-अल्कारेज इटैलियन ओपन के फाइनल में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने शुक्रवार को रोम में टॉमी पॉल के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में उनकी भिड़ंत कार्लोस अल्कारेज से होगी।

डोपिंग निरोधक वर्कशॉप में सीबीआई और इंटरपोल के अधिकारियों का होना हर किसी को चौंका सकता है, लेकिन विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) डोपिंग के खतरे की जड़ यानी प्रतिबंधित पदार्थों के उत्पादकों और प्रदाताओं तक पहुंचने के लिए अपना पूरा ध्यान खुफिया जानकारी जुटाने और उसकी गहराई तक पहुंचने में लगा रहा है। इस कवायद में भारत न पीछे रह जाए, इसके लिए राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने पांच दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्कशॉप में इंटरपोल के अधिकारियों के साथ विभिन्न एशियाई देशों की कानून प्रवर्तक एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। नाडा के महानिदेशक अनंत कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों की जांच और उन्हें जागरूक करना जरूरी है, लेकिन वाडा ने अब समस्या की जड़ तक पहुंचने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, इसका मुख्य लक्ष्य एशियाई क्षेत्रों के डोपिंग निरोधक अधिकारियों को एक साथ लाना है। वाडा ने ड्रग आपूर्ति करने वालों के बारे में जानकारी जुटाने पर फोकस किया है। टेस्ट और शिक्षा से एक हद तक डोपिंग पर नियंत्रण लाया जा सकता है लेकिन सभी के टेस्ट नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, जब आप सीधे इन गतिविधियों की जड़ पर प्रहार करते हैं तो कामयाबी ज्यादा मिलती है। वर्कशॉप में



इंडोनेशिया, मालदीव, श्रीलंका, फिलीपीन और दक्षिण एशिया क्षेत्रीय डोपिंग निरोधक संगठन के अधिकारियों ने भाग लिया। समझा जाता है कि भारत की ओर से सीबीआई के अधिकारी इसमें मौजूद थे। भारत का डोपिंग रिकॉर्ड पिछले कई साल में अच्छा नहीं रहा है और डोप उल्लंघन करने वाले देशों की वाडा की सूची में भारत काफी ऊपर है।

### इटैलियन ओपन का फाइनल

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने शुक्रवार को रोम में टॉमी पॉल के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में उनकी भिड़ंत कार्लोस अल्कारेज से होगी। सिनर ने दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल को सेमीफाइनल में 1-6, 6-0, 6-3 से हराया। वह 1976 में एड्रियानो पेनेटा के बाद रोम ट्रॉफी जीतने वाला इटली का पहला पुरुष खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं।

इससे पहले अल्कारेज ने लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ 6-3, 7-6 की आसान जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अल्कारेज ने सिनर के खिलाफ अक्टूबर में चीन ओपन के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच हुआ पिछला मुकाबला टाईब्रेकर में जीता था। सिनर हालांकि अल्कारेज के खिलाफ उस हार के बाद से लगातार 26 मैच जीत चुके हैं। अल्कारेज ने सिनर के खिलाफ अब तक 10 में से छह मुकाबले जीते हैं जबकि चार में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है।

### बीसीसीआई मुख्यालय में अपने नाम पर बोर्ड रूम बनाए जाने पर तेंदुलकर ने कहा

# इस गर्मजोशी भरे कदम के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को मुंबई में अपने मुख्यालय में बोर्ड रूम का नाम उनके नाम पर रखने के लिए धन्यवाद दिया। मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय में, तेंदुलकर ने हाल ही में सभी शीर्ष पदाधिकारियों की मौजूदगी में 'एसआरटी 100' बोर्ड रूम का उद्घाटन किया। तेंदुलकर ने कहा, सबसे पहले, रोजर बिन्नी (अध्यक्ष), (देवजीत) सैकिया (सचिव) जी, राजीव जी (उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला) और रोहन (गौंस देसाई, संयुक्त सचिव) का बहुत-बहुत धन्यवाद। बीसीसीआई के सभी पदाधिकारियों और अधिकारियों का धन्यवाद। हमने कुछ समय पहले ही बात की थी कि पहला दौरा कैसा था, जहां मैं 1989 में पाकिस्तान गया था और जहां बीसीसीआई का पहला कार्यालय था। सीसीआई ब्रेबोर्न स्टेडियम पवेलियन के ठीक सामने एक छोटा सा कमरा था और मुझे आज भी वह जगह याद है। वहां से लेकर इस जगह तक, यह एक उल्लेखनीय परिवर्तन है। जो चीज इसे और भी खास बनाती है, वह है ये अनमोल ट्रॉफियां। तेंदुलकर ने शनिवार को बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए अपने भाषण में कहा, यह दर्शाता है कि आधिकारिक पदाधिकारियों, बीसीसीआई पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने किस तरह से योजना बनाई और उसे क्रियान्वित किया- देश को यह हासिल करने में मदद की। इसलिए ये अनमोल क्षण हैं। ये ऐसे क्षण हैं जब पूरा देश एक साथ आता है और जश्न मनाता है। 2011 के वनडे विश्व कप की ट्रॉफी को देखने के बाद, तेंदुलकर ने उस समय को याद किया जब वह अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहे थे और फिर उनके भाई के शब्दों ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और अंततः अपने छठे प्रयास में वानखेड़े स्टेडियम में खिताब जीता।

2007 में जब हम वेस्टइंडीज से वापस आए, तो थोड़ी निराशा हुई। मेरे दिमाग में कई विचार आए कि क्या मुझे खेलना जारी रखना चाहिए या अब मुझे दूसरी तरफ चले जाना चाहिए। मुझे याद है कि मैं अपने भाई से बात कर रहा था और उसने कहा, 2011 में, विश्व कप भारत में खेला जाएगा और फाइनल मुंबई - वानखेड़े स्टेडियम में होगा। इस ट्रॉफी के साथ, क्या आप खुद को विजय की गोद में ले जाते हुए देख सकते हैं? यही वह जगह है जहां से यात्रा फिर से शुरू हुई। उन चार सालों में, बस एक ही लक्ष्य था, जो यह ट्रॉफी थी। संभवतः मेरे जीवन के सबसे कठिन क्षण, 2007 से, 2011 तक, मेरे जीवन का सबसे अच्छा क्रिकेट क्षण। यह एक उल्लेखनीय यात्रा थी।

1983 के वनडे विश्व कप की ट्रॉफी को देखकर तेंदुलकर पुरानी



यादें ताज़ा करते हुए कहते हैं, मेरे करियर की शुरुआत भी इसी ट्रॉफी, प्रूडेंशियल कप और खिलाड़ियों में से एक रोजर की वजह से हुई थी। मैं उन्हें देखते हुए बड़ा हुआ हूं। वहां से लेकर 2011 तक, एक टीम के तौर पर हम जो कुछ भी हासिल कर पाए, उसके लिए मैं अधिकारियों का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने मिलकर काम किया, कुछ चीजों की योजना बनाई और योजना ऐसे कमरों में बनती है। मुझे यकीन है कि पूर्ववर्तियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और हम सभी ने इसके नतीजे देखे। भारतीय क्रिकेट के भविष्य के बारे में बात करते हुए तेंदुलकर ने कहा, हमारे पास यहां एक शानदार टीम है। कुछ अच्छे लीडर, कुछ अच्छे युवा जो बहुत कुछ हासिल करना चाहते हैं, न केवल बीसीसीआई के लिए, बल्कि देश के लिए भी। अपने देश के हितों को ध्यान में रखते हुए, मुझे यकीन है कि सही फैसले लिए जाएंगे।

## डब्ल्यूडब्ल्यूई मनी इन द बैंक के लिए घातक महिला रेसलर ने किया क्वालीफाई,




### चैंपियनशिप का भी किया बचाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूडब्ल्यूई में मनी इन द बैंक की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। फ्राइडे नाइट स्मैकडाउन में कई रोमांचक मुकाबले हुए। टिफनी स्ट्रैटन ने अपना डब्ल्यूडब्ल्यूई विमेंस चैंपियनशिप सफलतापूर्वक बचाया। एलेक्सा ब्लिस और सोलो सिकोआ ने मनी इन द बैंक के लिए क्वालीफाई किया। इस एपिसोड में द रॉक जिन्हें ड्वेन जॉनसन के नाम से भी जान जाता है। उनका जन्मदिन भी मनाया गया।

### 7 जून को होगा मनी इन द बैंक

फ्राइडे नाइट स्मैकडाउन में डब्ल्यूडब्ल्यूई मनी इन द बैंक की शुरुआत हो चुकी है। यह इवेंट 7 जून को लॉस एंजिल्स के इंटुइट डोम में होगा। बैकलैश के बाद डब्ल्यूडब्ल्यूई ने तुरंत इस बड़े इवेंट की तैयारी शुरू कर दी है। इस एपिसोड में विमेंस चैंपियनशिप का शानदार मुकाबला हुआ। साथ ही, मनी इन द बैंक के लिए क्वालीफाइंग मैच भी शुरू हो गए।

### टिफनी स्ट्रैटन ने किया चैंपियनशिप का बचाव

मुख्य मुकाबले में टिफनी स्ट्रैटन का सामना पूर्व चैंपियन नाया जैक्स से था। टिफनी स्ट्रैटन को अपना डब्ल्यूडब्ल्यूई विमेंस चैंपियनशिप बचाना था। मैच में तब मोड़ आया जब नाओमी स्टील की कुर्सी लेकर रिंग में आई। लेकिन जेड कार्गिल ने उन्हें रोक दिया। इस मौके का फायदा उठाते हुए स्ट्रैटन ने जैक्स के चेहरे पर कुर्सी से ड्रॉपकिक मारी। फिर अपना सिग्नेचर मूव प्रीटिएस्ट मून्सॉल्ट एवरलगाकर जीत हासिल की। पहले विमेंस मनी इन द बैंक क्वालीफायर में एलेक्सा ब्लिस, चेल्सी ग्रीन और मिचिन के बीच मुकाबला था। चेल्सी ग्रीन ने चोरी से जीतने की कोशिश की। लेकिन ब्लिस ने ग्रीन पर सिस्टर अबिगेल डीडीटी मारकर मैच जीत लिया। इस जीत के साथ ब्लिस ने लैडर मैच में अपनी जगह पक्की कर ली।

# धोनी के रिटायरमेंट पर सस्पेंस खत्म, सीएसके ने बताया माही का फ्यूचर प्लान!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के दिग्गज क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी 43 साल की उम्र में भी आईपीएल खेल रहे हैं। धोनी को लेकर कहा जा रहा है कि यह उनका आखिरी सीजन है। धोनी फिलहाल पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी कर रहे हैं। आईपीएल 2025 में सीएसके का प्रदर्शन बहुत ही निराशाजनक रहा है और टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। सिर्फ इतना ही धोनी के खुद फॉर्म भी इस समय उनका साथ नहीं दे पा रही है। ऐसे में उनके टीम में होने पर भी सवाल उठने लगे हैं। इसके बावजूद सीएसके के फैंस धोनी के लिए अभी भी टीम को पूरा सपोर्ट कर रहे हैं। इस सीजन में सीएसके को अभी दो मैच और खेलने हैं। ऐसे में फैंस में यह जानने की कौतूहल मची है कि क्या धोनी इसके बाद अब येलो जर्सी दोबारा फिर नजर आएंगे या फि नहीं। क्या सीएसके के एक युग का अंत होने वाला, लेकिन इस बीच टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक जो खबर सामने आई उससे जान सीएसके और धोनी फैंस झूम उठेंगे।



### आईपीएल 2026 में खेलेंगे महेंद्र सिंह धोनी

धोनी को लेकर फिलहाल सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या वह आईपीएल 2026 में सीएसके के लिए मैदान पर उतरेंगे या फिर नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक फ्रेंचाइजी के लोगों का मानना है कि धोनी अभी टीम को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। टीम में अभी भी कई चीजें ठीक करनी हैं, जिसके लिए धोनी का मार्गदर्शन जरूरी है। अगर ऐसा होता है तो धोनी निश्चित रूप से आईपीएल 2026 में खेलते हुए दिख सकते हैं। ऐसा नहीं है कि एमएस धोनी से आईपीएल रिटायरमेंट को लेकर सवाल नहीं पूछे गए हैं। एक मैच के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या आईपीएल 2025 उनका आखिरी सीजन है। इसके जवाब में उन्होंने कहा था कि इस पर वह कुछ समय बाद फैसला लेंगे। इसके साथ ही उन्होंने अपनी फिटनेस को लेकर भी बात की थी। धोनी का मानना है कि आईपीएल में आगे खेलना है या फिर नहीं ये उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा।



# 1 साल में 2300 करोड़ की कमाई...

## इस स्टार खिलाड़ी पर हुई पैसों की बारिश, फिर बना दुनिया में नंबर-1

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेल की दुनिया न केवल प्रतिभा और जुनून का मंच है, बल्कि यह एक विशाल आर्थिक मंच भी है, जहां स्टार खिलाड़ी अपनी उपलब्धियों और ब्रांड वैल्यू के दम पर करोड़ों की कमाई करते हैं. फोर्ब्स ने हर साल की तरह इस बार भी सबसे ज्यादा कमाई करने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर दी है. इस बार कई बड़े खिलाड़ियों ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई करते हुए लिस्ट में अपनी जगह बनाई है. वहीं, एक दिग्गज कमाई के मामले में इतना आगे है कि दूसरा खिलाड़ी उसके आसपास भी नहीं है. पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक बार फिर लिस्ट में नंबर-1 बनने में कामयाब रहे हैं. क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मई 2024 और मई 2025 के बीच सबसे ज्यादा कमाई की है. फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पिछले 1 साल में 275 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 2,356 करोड़ रुपए) की कमाई की है. इसी के साथ वह लगातार तीसरी बार इस लिस्ट में टॉप पर रहे हैं. वहीं, ये 5वां मौका है जब उन्होंने एक साल में सबसे ज्यादा कमाई करने के मामले में दुनिया के सभी खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा है.

40 साल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो की कमाई का सबसे बड़ा हिस्सा सऊदी प्रो लीग के क्लब अल-नासर के साथ उनकी 225 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सालाना सैलरी से आता है. इसके अलावा, नाइकी, बिनांस, और हर्बालाइफ जैसे ब्रांड्स से उनकी ऑफ-फील्ड कमाई को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाया. इसके साथ उनकी एंडोर्समेंट डील्स और सोशल मीडिया की अपार लोकप्रियता (लगभग 939 मिलियन फॉलोअर्स) भी इसका एक बड़ा कारण है.

### रोहित शर्मा के लिए राहुल द्रविड़ का खास संदेश

# अब मुंबई में टिकट की चिंता नहीं मुझे पता है किससे संपर्क करना है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राहुल द्रविड़, जिन्हें क्रिकेट की दुनिया में 'द वॉल' के रूप में जाना जाता है,उन्होंने अपने चिर-परिचित अंदाज में रोहित को बधाई दी। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा, अरे रोहित, लगता है तुमने उन स्टैंड्स में इतने छक्के मारे कि उन्हें तुम्हारे नाम पर रखना ही पड़ा! द्रविड़ ने इस सम्मान को रोहित के लिए एक सपने के सच होने जैसा बताया। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि एक युवा लड़के के रूप में तुमने वानखेड़े जैसे प्रतिष्ठित स्टेडियम में खेलने का सपना देखा होगा। लेकिन क्या तुमने कभी सोचा था कि एक दिन इस स्टेडियम का एक स्टैंड तुम्हारे नाम पर होगा? यह मुंबई और भारतीय क्रिकेट में तुम्हारे योगदान का सच्चा पुरस्कार है।

द्रविड़ ने रोहित के शानदार प्रदर्शनों की तारीफ करते हुए कहा, वानखेड़े जैसे विश्व स्तरीय स्टेडियम में खेलना हर क्रिकेटर का सपना होता है, और रोहित, तुमने न केवल वहां खेला, बल्कि अनगिनत यादगार पारियां खेलकर उसे और खास बनाया। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में यह भी जोड़ा, अब जब तुम्हारे नाम पर स्टैंड है, तो अगली बार मुंबई में टिकट की कमी होने पर मुझे पता है कि किससे संपर्क करना है!

### वानखेड़े का सच्चा स्टार

रोहित शर्मा का वानखेड़े स्टेडियम के साथ रिश्ता बेहद खास है। मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में उन्होंने इस मैदान पर कई ऐतिहासिक जीत हासिल की हैं। उनके बल्ले से निकले छक्कों ने न केवल प्रशंसकों का दिल जीता, बल्कि इस स्टेडियम को क्रिकेट प्रेमियों के लिए और भी यादगार बना दिया। वानखेड़े में रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने कई आईपीएल खिताब जीते और उनकी व्यक्तिगत पारियों ने भी इस मैदान



को एक अलग पहचान दी।

रोहित का यह सम्मान उनके उस समर्पण का प्रतीक है, जिसके साथ उन्होंने भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वनडे क्रिकेट में तीन दोहरे शतक, टी20 में रनों का अंबार, और कप्तान के रूप में उनकी शानदार रणनीतियां- रोहित ने हर प्रारूप में अपनी छाप छोड़ी है। वानखेड़े का यह स्टैंड उनके उस जुनून और मेहनत का सम्मान है, जिसने उन्हें 'हिटमैन' बनाया।

### एक नया अध्याय

रोहित शर्मा के नाम पर स्टैंड का नामकरण केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा भी है। यह हर उस युवा क्रिकेटर को प्रेरित करेगा, जो वानखेड़े के मैदान पर खेलने का सपना देखता है। जैसा कि द्रविड़ ने कहा, मुझे उम्मीद है कि रोहित के नाम वाला यह स्टैंड और भी कई छक्कों का गवाह बनेगा। यह स्टैंड न केवल रोहित की उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि भारतीय क्रिकेट के सुनहरे भविष्य का भी प्रतीक है।

### परिवार, दोस्त और प्रशंसकों के लिए गर्व का पल

राहुल द्रविड़ ने अपनी शुभकामनाओं में रोहित के परिवार और दोस्तों को भी शामिल किया। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि यह तुम्हारे लिए, तुम्हारे परिवार और दोस्तों के लिए एक शानदार दिन होगा। यह सम्मान न केवल रोहित के लिए, बल्कि उनके उन लाखों प्रशंसकों के लिए भी गर्व का क्षण है, जो उनके हर छक्के पर तालियां बजाते हैं।

## रोस्टन चेज वेस्टइंडीज के नए टेस्ट कप्तान:दो साल बाद टीम में वापसी, ब्रैथवेट की जगह लेंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने दो साल से टेस्ट टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर रोस्टन चेज को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। वह क्रैग ब्रैथवेट की जगह लेंगे। ब्रैथवेट ने इस साल के मार्च में टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। वेस्टइंडीज ने उनकी कप्तानी में खेले 39 मैच में से 10 टेस्ट जीते, 22 हारे और सात ड्रॉ रहे। चेज 2023 में आखिरी बार टेस्ट खेला था चेज ने आखिरी बार मार्च 2023 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट खेला था। तब से वेस्टइंडीज ने 13 टेस्ट खेले, लेकिन उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। अब टीम में वापसी के साथ ही उन्हें कप्तान बनाया गया है। इससे पहले वे एक वनडे और एक टी-20 में कप्तानी कर चुके हैं।चेज की अगुआई में टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलेगी, जो 25 जून से ब्रिजटाउन में शुरू होगी। चेज अब तक 49 टेस्ट खेले हैं चेज ने अब तक 49 टेस्ट में 2265 रन बनाए हैं, जिसमें 5 शतक शामिल हैं। उनका औसत 26.33 है। गेंद से भी उन्होंने 85 विकेट लिए हैं। शुरुआत में उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। पहले 10 टेस्ट में उनका बैटिंग एवरेज 48.53 रहा, लेकिन इसके बाद उनका ग्राफ गिरा। 6 खिलाड़ियों के नाम पर विचार के बाद चेज का नाम पर हुआ फैसला वेस्टइंडीज टेस्ट टीम की कप्तान के लिए रोस्टन चेज के अलावा जॉन कैम्पबेल, टेविन इमलाच, जोशुआ दा सिल्वा, जस्टिन ग्रीव्स और जोमेल वारिकन जैसे खिलाड़ी भी रेस में थे। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बताया कि कप्तान चुनने के लिए एक डेटा-आधारित, साइकोमेट्रिक टेस्ट वाला प्रोसेस अपनाया गया था। सभी प्रक्रिया के बाद रोस्टन चेज को कप्तान चुनने का फैसला किया गया।